दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-16 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 20 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम टिप्पणी, सबको फ्री सुविधाएं बांटना गलत, फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे...

### सरकारें रेवड़ी नहीं रोजगार के अवसर करें पैदा




नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु बिजली बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, तमिलनाडु बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का वादा कर रहा है। वहीं एक मुकदमे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोडक़र मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।

#### कोर्ट का राज्यों को दी सलाह और पूछा सवाल

वहीं कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे। यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है, जिससे आर्थिक संतुलन बिगडऩे का खतरा रहता है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि गरीबों की मदद जरूरी है, लेकिन बिना सोच-समझ सबको मुफ्त सुविधाएं देना देश के विकास के लिए सही नहीं है।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में कथा वाचक देवकीनंदन जी ने सौजन्य भेंट की।*

## वीबी-जी राम जी में भी एआई की एंट्री, श्रमिकों के हाजिरी लगाने का तरीका बदला; 23 फरवरी से देशभर में होगा लागू



नई दिल्ली/बाराबंकी (आरएनएस)। विकसित भारत 'जी राम जी' की शुरुआत होने से पहले केंद्र सरकार ने एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) माध्यम से श्रमिकों की आनलाइन हाजिरी लगाने का ट्रायल बाराबंकी में सफल रहा। अब 23 फरवरी से देशभर में कार्य स्थल पर श्रमिकों की आंख की पुतली और चेहरा स्कैनिंग से उपस्थिति भरी जाएगी।केंद्र सरकार की ओर से पायलट प्रोजेक्ट में यूपी के सिर्फ बाराबंकी में नये वर्जन का राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) एप से श्रमिकों की आनलाइन हाजिरी का ट्रायल शुरू किया गया। इसमें श्रमिक की आंख की पुतली और चेहरे की स्कैनिंग कर उपस्थिति एआइ तकनीक से दर्ज की गई।ग्रामीण विकास मंत्रालय की तकनीकी टीम इस पूरी प्रक्रिया की सीधी मानीटरिंग कर रही थी।

## शिवाजी महाराज की जयंती पर शिवनेर किले में भारी भीड़ से टूटी रेलिंग, भगदड़ मची; कई लोग घायल

पुणे ,(आरएनएस)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे में शिवनेरी किले के अंदर रेलिंग टूटने से कई लोग जख्मी हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे बताए जा रहे हैं। इस घटना के कारण किले में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने तत्काल कदम उठाते हुए हालातों को संभाल लिया।जानकारी के अनुसार, शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर पुणे जिले के शिवनेरी किले में गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बुधवार रात से ही किले में लोगों का आना शुरू हो चुका था। इनमें पारंपरिक शिव ज्योत लेकर आने वाले लोग और अलग-अलग संगठनों के सदस्य शामिल हैं। इस भारी भीड़ की वजह से परिसर के अंदर आने-जाने की जरूरी जगहें लगभग बंद हो चुकी थीं।भीड़ के भारी दबाव के कारण किले के अंदर एक रेलिंग टूट गई। इससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। बाहर निकलने की बेचैनी में कुछ लोग दूसरों की मदद से ऊपर चढ़ने लगे थे। बताया गया कि अंबरखाना के नीचे स्थित हाथी दरवाजा क्षेत्र और गणेश दरवाजा जैसे संकरे रास्ते भी भीड़ के कारण लगभग बंद हो गए। लोगों के आगे बढ़ने से धक्का-मुक्की शुरू हो गई और कुछ लोग अफरातफरी के बीच नीचे गिर गए।पुणे के एसपी संदीप गिल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तीन से चार लोग सामान्य रूप से घायल हुए हैं।



### प्रदेश में बदला मौसम

## भोपाल-उज्जैन समेत 20 जिलों में बारिश, फसलों को पहुंचा नुकसान



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। नए सिस्टम के सक्रिय होने से फरवरी महीने में तीसरी बार बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। पिछले 12 घंटों में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन सहित 20 से ज्यादा जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर फिर बढ़ गया है।गुरुवार सुबह राजधानी भोपाल में अचानक बादल छा गए और करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होती रही। ठंडी हवाओं के कारण दिन के तापमान में गिरावट के आसार हैं। बेमौसम बारिश और तेज आंधी से कई जिलों में खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गई हैं। इससे दानों की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से भी नुकसान की खबरें सामने आई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रदेश में खजुराहो सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजगढ़ में 10.0 डिग्री और पचमढ़ी में 10.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ, जिससे ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, इंदौर, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, धार, विदिशा, बड़वानी, आगर-मालवा, शाजापुर, मुरैना, छतरपुर, शिवपुरी, सीहोर और मंदसौर सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। पूर्वानुमान है कि 20 फरवरी को ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 8 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। जबकि 21 फरवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान है।इंदौर में बुधवार को हल्की बारिश के बाद गुरुवार सुबह ठंड बढ़ गई है। रतलाम में भी दो दिन से बदले मौसम के बीच बुधवार रात बूंदाबांदी हुई। धार में देर रात तेज हवा और बारिश से ग्रामीण इलाकों में फसलें प्रभावित हुईं।

### ट्रिपल मर्डर से दहशत :

## मानसिक रूप से बीमार बेटे ने मां-बाप और भाई की निर्मम हत्या की

### लाठी-रॉड से पीटकर उतारा मौत के घाट, शवों के बीच गुजारी पूरी रात



बैतूल(आरएनएस)। बैतूल जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सावंगा में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। 25 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर अपनी मां, पिता और छोटे भाई की लाठी और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।जानकारी के मुताबिक, युवक ने देर रात घर के अंदर ही तीनों पर बेरहमी से हमला किया। सिर और शरीर पर गंभीर चोटें लगने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी घर के अंदर ही शवों के पास बैठा रहा और दरवाजा बंद कर लिया।सुबह जब ग्रामीणों को घर से संदिग्ध आहट सुनाई दी तो उन्होंने झांककर देखा। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए—तीन शव पड़े थे और युवक पास ही बैठा था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ कि मौत सिर और शरीर पर लाठी-रॉड से किए गए वार के कारण हुई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया है, हालांकि हत्या की स्पष्ट वजह अभी सामने नहीं आई है।




## महाराष्ट्र के अमरावती में भीषण सड़क हादसा, बस-ऑटो की टक्कर में छात्रा समेत 6 की दर्दनाक मौत

अमरावती (आरएनएस)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में बुधवार दोपहर एक रूह कंपा देने वाली दुर्घटना सामने आई है। तेज रफ्तार के कहर ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। वहीं, उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवा दी है।

बस ने ऑटो के उड़ाए परखच्चे

महाराष्ट्र के अमरावती जिले के वरूड आष्टी मार्ग पर स्थित राजुरा बाजार इलाके में यह भीषण हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार से आ रही एक शिवाई बस ने सामने से आ रहे ऑटो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि ऑटो के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार 6 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

हादसे में 7वीं की छात्रा की मौत

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, अमरावती हादसे में जान गंवाने वालों में सातवीं कक्षा की एक छात्रा भी शामिल है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## राहुल गांधी समेत 25 कांग्रेसी सांसदों को दी थी गोली मारने की धमकी, पुलिस ने आरोपी को कोटा से पकड़ा



नई दिल्ली/कोटा (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत 25 कांग्रेसी सांसदों को गोली मारने की धमकी देने वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में एक व्यक्ति को राजस्थान पुलिस ने कोटा से हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, वीडियो में खुद को राज सिंह बताने वाला व्यक्ति अपने आपको करणी सेना का प्रवक्ता बता रहा है। उसने हाल ही में लोकसभा में हुई एक घटना का जिक्र करते हुए धमकी दी थी।पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने दावा किया कि लोकसभा के बजट सत्र के पहले चरण के दौरान 25 कांग्रेसी सांसदों और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच हुई कथित नोकझोंक से कुछ लोग नाराज थे। वायरल वीडियो में आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि अगर ऐसी घटना दोबारा हुई तो सांसदों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ की जाएगी। उसने राहुल गांधी के खिलाफ भी आपत्तिजनक और हिंसक टिप्पणी की। उसने कहा था कि राहुल गांधी को हम गोली मार देंगे।वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोटा के बोरखेड़ा थाने में हिरासत में लिया। कोटा की एसपी तेजस्वनी गौतम ने पीटीआई को बताया कि आरोपी से वीडियो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## विमान में बदसलूकी करने वाले यात्रियों की अब खैर नहीं, डीजीसीए लगा सकता है 30 दिनों तक का बैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अभद्र व्यवहार करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए सख्त नियमों का प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें विमानन कंपनियों को ऐसे यात्रियों पर 30 दिन तक के लिए उड़ान प्रतिबंध लगाने की अनुमति देना भी शामिल है। विमानन नियामक ने संशोधित मसौदा नियमावली में कहा कि विमान/व्यक्तियों/संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उड़ानों में अनुशासन बनाए रखने के लिए 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति'' अपनाई गई है।

हालांकि, आमतौर पर एक स्वतंत्र समिति, जिसमें दूसरी एयरलाइन का प्रतिनिधि भी शामिल होगा, उड़ान प्रतिबंध पर फैसला करेगी। लेकिन कुछ गंभीर मामलों में एयरलाइन सीधे 30 दिन का बैन लगा सकेगी।

## कठिन रास्तों पर भी नहीं डिगा श्रद्धालुओं का हौसला, बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन करने पहुंच रहे भक्त

मनाली , (आरएनएस)। पहाड़ी इलाकों में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। मनाली के पास अंजनी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है, जहां 11 हजार फीट की ऊंचाई पर 15-20 फीट ऊंचा प्राकृतिक बर्फ का शिवलिंग खुद-ब-खुद बन गया है। शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद, यह मिनी अमरनाथ तीर्थस्थल लोगों को आकर्षित कर रहा है। कड़कड़ाती ठंड और बर्फबारी के बीच जनी महादेव मंदिर में भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और बर्फ से स्वयंभू बने शिवलिंग को देखकर इसे महादेव का चमत्कार मान रहे हैं। मौसम और आस्था के संगम ने पर्यटकों का दिल जीत लिया है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि धर्म की दृष्टि से स्थल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि संत शिरोमणि बाबा प्रकाश पुरी इसी स्थल पर अपने अनुयायियों के साथ आए थे। इस स्थल पर हर साल बर्फ का शिवलिंग अपने आप बन जाता है और इसपर महाराज ने अपनी अंतर्यामी दृष्टि से बताया था कि मां अंजनी ने संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना की थी और खुद भगवान ने प्रकट होकर संतान का वरदान दिया था।

उन्होंने आगे बताया कि शिवलिंग 15 दिसंबर से फरवरी के महीने तक रहता है और प्रकृति के इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए हर साल भक्तों की संख्या बढ़ती रहती है।

वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन करने पहुंचे पर्यटक ने कहा, मैं दो बार बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुका हूं और अब यहां दर्शन करने के बाद महसूस हो रहा है कि तीसरी बार बाबा ने दर्शन करने का मौका दिया है।

# क्लाइमेट चेंज से निपटने में लीडर बन रहा है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा विकास के लिए सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू
## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंबई क्लाइमेट वीक-2026 में की सहभागिता




भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज एक गंभीर वैश्विक चुनौती है। क्लाइमेट चेंज मानव अस्तित्व, आर्थिक स्थिरता और भावी पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने कहा कि सतत् विकास की राह में हम पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकते। विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना ही प्रगति का मूल आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि क्लाइमेट चेंज के मामले में ठोस और समयबद्ध समाधान पर काम करना आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रतिबद्धताओं में भी राज्यों का योगदान भी महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज से निपटने में सर्वाधिक नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादक बन लीडर की भूमिका में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी है। यहां लगभग हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास और सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि राज्य और निवेशक मिलकर देश को नवकरणीय ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बिजली देने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। निवेशकों के साथ हमारा रिश्ता नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार की शाम मुंबई में क्लाइमेट वीक-2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग (मप्र शासन) एवं ग्रीन एनर्जी के लिए विख्यात सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के बीच मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमओयू हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का समाधान केवल एक देश, एक राज्य या एक सरकार ही नहीं कर सकती, इसके लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन, हरित विकास और जलवायु समाधान के लिए आगे बढ़ने की दिशा में मुम्बई क्लाइमेट वीक एक महत्वपूर्ण मंच है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए त्वरित और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों को बढ़ावा देना, हरित तकनीकों को अपनाना और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना ही भविष्य का विकास मार्ग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने की जिम्मेदारी सरकारों के साथ ही उद्योगों, संस्थाओं और इस देश में रहने वाले हर नागरिक की भी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट' जैसे व्यवहारिक बदलावों को अपनाने की अपील की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरित ऊर्जा उत्पादन के जरिए क्लाइमेट चेंज से निपटने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के उन अग्रणी राज्यों में से एक है, जिसने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने ईवी नीति बनाई, जो क्लाइमेट चेंज की ओर कारगर कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में 300 मेगावाट 4 घंटे सौर-सह एनर्जी स्टोरेज परियोजना, 300 मेगावाट 6 घंटे सौर-सह एनर्जी परियोजना सहित 24×7 घंटे नवकरणीय ऊर्जा बैटरी आधारित एनर्जी स्टोरेज परियोजना पर काम कर रही है। यह एक नया प्रयोग है। यह भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जो इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना क्रियान्वयन करें और शत प्रतिशत उपलब्धि करें सुनिश्चित बनाएं : मुख्य सचिव श्री जैन




भोपाल ( निप्र)। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विकास कार्यों को प्रमुखता दे। मुख्य सचिव श्री जैन ने मंत्रालय में कलेक्टर- कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिये। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि केंद्र प्रवर्तित योजनाओं और निर्माण कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करें। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में योजना बनाकर क्रियान्वयन में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्रामीण विकास एवं जनजातीय कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना में चयनित गांवों को बुनियादी सुविधाओं, गौपालन और डेयरी विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर और आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए 31 मार्च तक विजन डॉक्यूमेंट को पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्त्रोतों को विकसित करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव श्री जैन ने जल जीवन मिशन में एकल नल जल योजना की समीक्षा करते हुए रीवा, सिंगरौली, मऊगंज, सीधी, मुरैना और भिंड कलेक्टर्स को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत और जनपद पंचायत के नवीन स्वीकृत भवनों के लिए निवाड़ी, पांढुर्ना, नीमच, बैतूल, हरदा, अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी और भिंड को शीघ्रता से भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## प्रदेश में कक्षा 10वीं का संस्कृत एवं कक्षा 12वीं में मनोविज्ञान विषय का हुआ पेपर

भोपाल ( निप्र)। प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को कक्षा 10वीं का संस्कृत और कक्षा 12वीं का मनोविज्ञान विषय का पेपर शांतिपूर्ण तरीके से हुआ।कक्षा 10वीं की संस्कृत परीक्षा में प्रदेश भर में कुल 13 नकल प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें जिला मुरैना में 9, गुना में 1, भोपाल में 1 और बैतूल में 2 नकल प्रकरण शामिल हैं। हायर सेकंडरी (कक्षा 12वीं ) की परीक्षा में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली।

## पुलिस कर्मियों के लिए कल्याण की नई मिसाल

### कठिन समय में सुरक्षा और सम्मान की गारंटी – पुलिस मुख्यालय और भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल



भोपाल ( निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस की कल्याण शाखा द्वारा पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के आर्थिक कल्याण के उद्देश्य से लागू की गई पुलिस वेतन पैकेज योजना का लाभ अब प्रदेश के अनेक परिवारों तक पहुंच रहा है। इसी क्रम भारतीय स्टेट बैंक , दमोह मुख्य शाखा द्वारा पुलिस वेतन पैकेज योजना के तहत स्वर्गीय आरक्षक प्रदीप रैकवार के आकस्मिक निधन पर उनके नामिनी को 1 करोड़ रूपए की दुर्घटना बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया। स्वर्गीय श्री प्रदीप रैकवार थाना रनेह, जिला दमोह में पदस्थ थे,जिनका कुछ माह पूर्व एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था। मध्यप्रदेश पुलिस और एसबीआई के बीच संपन्न हुए एमओयू के तहत सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपितों के विरुद्ध बिजली कंपनी ने दर्ज कराई एफआईआर

भोपाल ( निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भोपाल शहर वृत्त के पूर्व शहर संभाग अंतर्गत शर्मा कॉलोनी में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी के सुल्तानिया रोड कार्यालय प्रबंधक धनराज सिंह ने बताया कि शर्मा कालोनी निवासी अनूप कुमार द्वारा विद्युत देयक बकाया 55,818 रुपए जमा नहीं किया जा रहा था। विद्युत कर्मचारियों द्वारा मीटर सर्विस लाइन निकालने के दौरान मौके पर मौजूद मनोज कुमार एवं उनके भाई यशवंत कुमार के द्वारा विद्युत कंपनी के अधिकारी जूनियर इंजिनियर धनराज सिंह, और कर्मचारी प्रशांत सिंह, शाकिब अली, आदिल, ज़ीशान एवं गार्ड उमेश आर्मड के साथ गाली गलौज एवं बदसलूकी की गई।

## डॉग लवर ने 2 महिलाओं पर तलवार से किया जानलेवा हमला



भोपाल (ए.) । अयोध्या नगर थाना क्षेत्रांर्गत एक डॉग लवर्स ने गुरुवार को 2 महिलाओं को तलवार से हमला कर दिया। एक महिला के पेट और दूसरी महिला के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। एक महिला के हाथ की नस कट गई है। जिससे गहरे घाव बन गए हैं। श्रवण कांता कॉलोनी के लोगों ने आवारा कुत्तों के आतंक की नगर निगम से शिकायत की थी। शिकायत के बाद नगर निगम की टीम सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर ले गई थी। इसके बाद कॉलोनी में ही रहने वाले डॉग लवर्स ने निगम से छुड़वा लिया था। डॉग लवर्स ने आवारा कुत्तों को दोबारा श्रवण कांता कॉलोनी में लाकर छोड़ दिया था। इसके बाद कॉलोनी की महिलाओं ने विरोध किया। इससे गुस्साए युवक ने महिला साथी और एक अन्य दोस्त की मौजूदगी में 2 महिलाओं पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। कॉलोनी में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर सुरेंद्र ठाकुर ने वारदात के बाद आरोपी अशोक चौहान के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि अशोक चौहान श्रवण कांता कॉलोनी में ही रहता है। वह खुद को पेट लवर बताता है। कॉलोनी में अवारा कुत्तों को पालकर रखा है। यह कुत्ते अक्सर लोगों के पीछे लग जाते हैं। बाइक से आने जाने वालों को दौड़ाते हैं। सड़क पर चलने वालों पर भौंकते हैं। इसे लेकर कॉलोनी के लोगों में डर का माहौल रहता है। इसी वजह से नगर निगम की डॉग स्कॉड टीम को कॉल कर शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी डीलर सुरेंद्र ठाकुर ने पुलिस से बताया कि आरोपी अशोक ने अपनी महिला साथी के साथ मिलकर कॉलोनी की महिलाओं से अभद्रता की। महिलाओं ने विरोध किया तो आरोपी अशोक तलवार लेकर आया। उसके साथ एक व्यक्ति भी था। आरोपी अशोक और उसके साथियों ने कॉलोनी के रहवासियों को धमकाना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर अशोक ने तलवार से वंदना सेन और लक्ष्मी ठाकुर पर हमला कर दिया। इससे दोनों जख्मी हो गईं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अयोध्या नगर टीआई महेश लिल्लारे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई है।

## भारत में हमेशा से "कौशल" की परम्परा रही है : तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार

भोपाल (ए.)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि भारत हमेशा से कौशल का देश रहा है। भारत में, कौशल परम्परागत रूप से विद्यमान रहा है और यही कौशल अतीत में भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी रहा है। आज भी ग्रामीण भारत में, कौशल पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित हो रहा है। ग्रामीण भारत के इस परंपरागत कौशल को वर्तमान परिदृश्य की आवश्यकता अनुरूप, आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में, राज्य सरकार युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्री परमार ने कहा कि उद्योगजगत एवं शैक्षणिक संस्थानों के मध्य खाई को पाटने के लिए सतत् कार्य कर रहे हैं। इसके लिए तकनीकी शिक्षा में, उद्योगजगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण किए जा रहे हैं। उद्योगों को इंडस्ट्री रेडी दक्ष मानव बल तैयार करने के लिए इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों में एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।तकनीकी शिक्षा



मंत्री श्री परमार गुरुवार को भोपाल स्थित क्रिस्प संस्थान (सेंटर फॉर रिसर्च एंडइंडस्ट्रियल स्टॉफ परफॉर्मेंस) में, बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के सीएसआर अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर परियोजना स्वावलंबन के समापन समारोह में, प्रशिक्षित युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे।मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत को पुन: विश्वमंच पर अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए, युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण अपनाना होगा। श्री परमार ने कहा कि रोजगार प्राप्त करने वाले भी तैयार हों और रोजगार देने वाले भी तैयार हों, इसके लिए स्टार्टअप संस्कृति और स्किल आधारित रोजगार ही भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। श्री परमार ने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रिस्प संस्थान के प्रयासों की सराहना की। श्री परमार ने कहा कि ग्रामीण भारत में आज भी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की संस्कृति प्रचलन में हैं। स्वदेशी के भाव को आत्मसात करने से, आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना साकार होगी।

श्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पुन: विश्वमंच पर सिरमौर बनाने के लिए सभी के संकल्पित प्रयासों एवं पुरुषार्थ की आवश्यकता है। समारोह में मंत्री श्री परमार ने प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र एवं चयनित युवाओं को जॉब ऑफर पत्र वितरित किए। साथ ही महाराष्ट्र के पुणे में जॉइनिंग के लिए चयनित युवाओं की बस को शुभकामनाओं सहित हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए, प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिवाजी महाराज की जयंती पर किया नमन

भोपाल (ए.) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिन्दवी स्वराज्य के संस्थापक, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा छत्रपति शिवाजी ने अभूतपूर्व पराक्रम, शौर्य और युद्ध कौशल से अखंड भारत का संकल्प साकार किया और मां भारती के स्वाभिमान के लिए जीवन समर्पित कर दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन युवाओं को प्रेरित करता रहेगा।

# जनगणना - 2027 के संबंध में जिला जनगणना समन्वय समिति की ट्रेनिंग कम बैठक संपन्न




भोपाल( निप्र)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की दो दिवसीय ट्रेनिंग कम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 को पूर्णत: डिजिटल मोड में संपादित करने से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश नायक, पी सी शाक्य, जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता, एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित समिति के सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनगणना कार्य निदेशालय संयुक्त निदेशक नमित यादव, सहायक निदेशक श्रीमती ऐन्सी रेजी द्वारा प्रथम चरण मकान सूचीकरण के जिला स्तरीय प्रशिक्षण में प्रथम चरण (01 से 30 मई तक ) में की जानी वाली आवश्यक कार्यवाही संबंधी प्रशिक्षण दिया। साथ ही जिला प्रभारी द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में डिजिटल जनगणना प्रक्रिया, डाटा की शुद्धता एवं पारदर्शिता, प्रभावी कार्य प्रणाली एवं निगरानी व्यवस्था। जनगणना कार्यक्रम: प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) - 1 मई से 30 मई 2026, द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 से प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा में संपादित किया जाए। जिला स्तर पर मानव संसाधन, मकान सूचीकरण ब्लॉक (एच एल बी) एवं दलों के गठन कर उनका प्रशिक्षण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति नियत समय में सुनिश्चित हो सके। जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं विश्वसनीय स्त्रोत है। जनगणना-2027 पूर्णत: डिजिटल होगी तथा पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्युमरेशन) का विकल्प प्रदान किया गया है। आंकड़ों का संकलन स्व-गणना पोर्टल एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से किया जाएगा। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन एचएलबीसी वेब पोर्टल से तथा प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस वेब पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। घर-सूचीकरण चरण में भवन उपयोग सहित 33 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर जनगणना कार्य निर्देशालय मध्यप्रदेश, सांख्यिकी अंवेषक एवं भोपाल जिला प्रभारी सुश्री सुनीता पुष्कर, जिला नोडल ऑफिसर सुरेंद्र रघुवंशी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जायका टीम की ट्रांसको अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

भोपाल( निप्र)। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) द्वारा प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुदृढ़ीकरण के लिये मध्यप्रदेश पावर



ट्रांसमिशन कंपनी को दिये गये जायका-दो लोन से हुये कार्यों की समीक्षा के लिये मुख्यालय शक्तिभवन जबलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जायका, जापान की इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं जायका के भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने जायका वित्त पोषित विभिन्न कार्यों में एमपी ट्रांसको द्वारा अपनायी गई तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**पारेषण हानि कम करना बडी उपलब्धि**

जायका टीम ने लोन समझौते की शर्तों में शामिल पारेषण हानि को कम करने के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में 2.82 प्रतिशत रही पारेषण हानि को वर्ष 2024-25 में घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाना एक बड़ी उपलब्धि है। जायका टीम ने राइट आफ वे (आर ओ डब्ल्यू ) एवं फारेस्ट अप्रूवल से जुडी चुनौतियों के बावजूद मध्यप्रदेश में ट्रासमिशन नेटवर्क सुदृढ़ीकरण के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की। बैठक में जायका के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं का क्रियान्वयन स्वीकृत योजना एवं तय मानकों के अनुसार होना आवश्यक है।

निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत की जायेगी विस्तृत रिपोर्ट

बैठक में सहमति बनी कि टीम द्वारा जायका वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में एमपी ट्रांसको द्वारा किये गये विभिन्न कार्यो का निरीक्षण कर विस्तृत तकनीकी एवं वित्तीय समीक्षा की रिपोर्ट निर्धारित प्रश्नावली में प्रस्तुत की जाएगी।

# कराहल की नोनपुरा घाटी में फर्नीचर के ट्रक से उठी आग की लपटें, 10 लाख के सौफे जलकर राख



श्योपुर ,(ए.)। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कराहल स्थित नोनपुरा घाटी में गुरुवार दोपहर भोपाल से श्योपुर आ रहे फर्नीचर से भरे ट्रक में आग लग गई। इस आगजनी में ट्रक में लदे करीब 10 लाख रुपए के सोफे जलकर राख हो गए। आग लगने के बाद घाटी मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।जानकारी के अनुसार, ट्रक भोपाल से फर्नीचर लेकर श्योपुर आ रहा था। इसी दौरान कराहल घाटी के मोड़ पर पहुंचते ही ट्रक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रक लपटों की चपेट में आ गया। राहगीरों ने आग देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। लोगों द्वारा ट्रक के डीजल टैंक में विस्फोट होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### चालक ने कूदकर बचाई जान

ट्रक चालक ने बताया कि उन्हें अचानक केबिन के पीछे से धुआं उठता दिखाई दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने तुरंत ट्रक रोककर कूदकर अपनी जान बचाई। चालक के अनुसार, उनका मोबाइल फोन, बिल्टी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज ट्रक के अंदर ही जल गए। घटना की सूचना मिलते ही कराहल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों ओर से वाहनों को सुरक्षित दूरी पर हटवाया और जाम को नियंत्रित करते हुए यातायात को आंशिक रूप से बहाल किया। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, जो आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची।

### 10 लाख का बताया जा रहा नुकसान

प्राथमिक अनुमान के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी के कारण लगी हो सकती है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं लोगों द्वारा डीजल टेंक फटने को आग का कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपए का माल जलकर नष्ट हो गया।

## गढ़पहरा रोड पर युवक की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या, परिजनों ने किया चक्काजाम

सागर(ए.)। मध्य प्रदेश के सागर जिले के केंट थाना क्षेत्र में गुरूवार को अपराध का एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहाँ गढ़पहरा रोड पर अज्ञात हमलावरों ने एक युवक की पत्थर से सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने खेत में खून से लथपथ शव देखा, तो इलाके में दहशत फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही केंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का नजारा बेहद डरावना था; शव के पास ही खून से सने बड़े पत्थर पड़े थे, जिससे स्पष्ट था कि युवक पर घातक हमला किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने मृतक की पहचान छिपाने की नीयत से उसके चेहरे और सिर को बुरी तरह कुचल दिया था।प्रारंभिक जांच के बाद मृतक की पहचान मनोज अहिरवार (35 वर्ष), निवासी ग्राम भैंसा के रूप में हुई है। साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस ने स्नस्रु (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम को भी मौके पर बुलाया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण नमूने एकत्र किए हैं।जैसे ही हत्या की खबर मनोज के परिजनों तक पहुंची, वे बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। आक्रोशित परिजनों ने हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर सागर-खुरई रोड पर भैंसा के पास चक्काजाम कर दिया।

## जनगणना कार्य के लिए नगरीय निकाय के चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

मंदसौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए िंजिला स्तरीय प्रशिक्षण का गुरूवार तीसरा दिवस है। तीसरे दिवस में नगरीय चार्ज अधिकारियों को कलेक्टर कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें नगर पालिका, नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एक जनगणना लिपिक को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनगणना के नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर एवं अशोक चौबे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 की अवधि में किया जाएगा।

## रमजान के पवित्र माह का आगाज़



### मस्जिदों में बड़ी रौनक

बुरहानपुर (ए.)। रमज़ान के पवित्र माह का शुभारंभ गुरुवार से होते ही पूरे मुस्लिम समाज में श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। बुधवार देर शाम चांद दिखने की खबर मिलते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ गई और लोगों ने तरावीह की नमाज़ अदा कर पवित्र महीने का स्वागत किया। गुरुवार को पहले रोज़े के साथ इबादतों का सिलसिला शुरू हो गया, जो पूरे माह निरंतर जारी रहेगा। रमजान आत्मसंयम, त्याग और आध्यात्मिक शुद्धि का महीना माना जाता है। इस दौरान रोज़ेदार सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार कर रोज़ा खोलते हैं। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत करना, कुरआन शरीफ की तिलावत करना और जरूरतमंदों की मदद करना इस महीने की खास विशेषताएं हैं। मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज़ के साथ विशेष तरावीह की नमाज़ अदा की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हो रहे हैं। वहीं बोहरा समुदाय के तीन रोज़े मुकम्मल होने के साथ उनकी मस्जिदों में भी इबादतों का दौर जारी है। समुदाय के लोग अनुशासन और श्रद्धा के साथ धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं। रमजान को लेकर पहले से ही खासा उत्साह देखा गया था। बाजारों में चहल-पहल रही और लोगों ने इफ्तार की तैयारियों के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी की। रमजान का यह महीना आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। समाज में एकता और करुणा की भावना को मजबूत करने वाला यह पवित्र समय सभी के लिए आध्यात्मिक उन्नति का अवसर लेकर आता है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: 42 जोड़ो ने एक दूजे का दामन थामकर लिये सात फेरे

### - मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत बहोरीबंद में संपन्न हुआ आयोजन

कटनी (ए.)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत बहोरीबंद के मरही माता मंदिर में समारोह आयोजित हुआ। बहोरीबंद विकास खंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो के वर वधु आयोजन में हिस्सा लेकर सामूहिक विवाह रचाया। जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सामूहिक विवाह के आयोजन की तारिक़ पूर्व से निर्धारित की गई थी जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव को आयोजन में भाग लेने हेतु इक्छुक एवं पात्र ग्रामीणों का पंजीयन कराने निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में 43 जोड़ो ने अपनी-अपनी पंचायतो के सचिव सरपंच के माध्यम से पंजीयन कराया था। गुरुवार को बहोरीबंद मुख्यालय के मरही माता मंदिर प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत 42 जोड़ो ने एक दूजे का दामन थामकर विवाह रचाया जहाँ बड़ी संख्या में वर-वधु पक्ष के लोग आयोजन में भाग



लिये। जनपद मुख्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी बाराती बनकर वर-वधु पक्ष के साथ ढ़ोल-नागाड़ो की धुन में थिराकते नजर आये।

**वर-वधु को भेंट किये स्वीकृति पत्र--**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत आयोजन के पश्चात वर-वधु को 49 हजार रूपये के स्वीकृति पत्र भेंट किये गए। उक्त राशि शासन द्वारा वधु के बचत खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होंगी। इसके पूर्व वधु को सगुन स्वरुप आभूषण भेंट किये जाते थे, जिसे संशोधन कर शासन द्वारा वधुके बचत खाते में राशि मुहैया कराई जा रही है।

**- जनपद अध्यक्ष को मंच में नहीं मिला स्थान**

जनपद स्तर से आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह आयोजन के दौरान भी जनपद अध्यक्ष लालकमल बंसल को मंच में स्थान नहीं दिया गया। आयोजन के दौरान आम इंसान की तरह मुख्य अतिथि मंच के बाहर बैठे दिखाई दिए।आयोजन के दौरान मंच में प्रोटोकॉल के बाहर जिनका आयोजन एवं क्षेत्र के प्रति कोई सरोकार नहीं उन्हें मंच में जगह दी गई, जो बड़ी देर तक चर्चा का विषय बना रहा। जनपद मुख्यालय के सभापति जनपद अध्यक्ष को मंच पर जगह न दिया जाना एवं आम लोगों को जिनका कोई सरोकार नहीं उन्हें स्थान देकर सम्मान करना अपमान से कम नहीं समझा गया।

## मप्र के उज्जैन में महाकाल विवाह के बाद शुरू हुआ रिसेप्शन का दौर

उज्जैन (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के बाद शहर में रिसेप्शन का दौर शुरू हो गया है। बुधवार की रात महाकाल शयन आरती युवा परिवार ने हरसिद्धि मंदिर के पीछे नर्सिंग घाट पर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान को 56 प्रकार का भोग अर्पित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।गौरतलब है कि मंगलवार की रात ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर का चन्द्र दर्शन श्री शिव पंचानन पंच मुखौटा दर्शन श्रृंगार किया गया। इसी के साथ महाकाल मंदिर में चल रहे महाशिवरात्रि उत्सव का समापन हुआ।

## दुकान संचालक से रंगदारी वसूलने चाकू मारा

जबलपुर,( ए.)। लार्डगंज थानांतर्गत कल दोपहर एक बदमाश ने पान की दुकान चलाने वाले शख्स से शराब पीने 500 रुपये की मांग की। मना करने पर बदमाश ने पान दुकान संचालक पर चाकू से हमला कर हाथ की गदेली में चोट पहुंचा दी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि नानक नगर मानेगांव निवासी फरीद अहमद डॉ. मेहता के क्लीनिक के पास रानीताल में पान की दुकान चलाता है। दोपहर लगभग 1.30 बजे फरीद दुकान पर था। तभी पिंटू मशराम आया और बोला कि तू बहुत कमाई कर रहा है। ऐसा कहते हुए पिंटू ने फरीद से शराब पीने 500 रुपये मांगे। मना करने पर पिंटू ने फरीद की गदेली में चाकू मार दिया।

## व्यापार समाचार

## रेडिको खेतान के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अमर सिन्हा ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली (आरएनएस) । शराब निर्माता कंपनी रेडिको खेतान के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अमर सिन्हा ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स में नए मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

सिन्हा इससे पहले बीडीए (अब एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड) के कार्यकारी निदेशक और सीईओ के रूप में कार्य कर चुके हैं।

उन्होंने अपने त्यागपत्र में कहा, निजी कारणों से मैं रेडिको खेतान लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं 31 मार्च तक अपने दायित्वों से मुक्त होना चाहता हूं।

सिन्हा ने मार्च 2017 में रेडिको खेतान में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभाला था। उन्होंने कहा, इस पद पर सेवा करना और कंपनी की विकास यात्रा में योगदान देना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। मैं इस अवसर पर अपने कार्यकाल के दौरान बोर्ड और संगठन भर में अपने सहयोगियों के समर्थन, सहयोग और विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

पिछले साल मई में रेडिको खेतान ने अपने नवनिर्मित व्हिस्की ब्रांड 'त्रिकाल' को वापस लेने की घोषणा की थी, क्योंकि ब्रांड के नाम और छवि को लेकर गंभीर विरोध का सामना करना पड़ा था, जिसके बारे में कई लोगों का दावा था कि इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

कंपनी ने आईएएनएस के साथ साझा किए गए आधिकारिक बयान में कहा था कि वह भारतीय नागरिकों की आवाज का सम्मान करती है और एक जिम्मेदार संगठन के रूप में आंतरिक समीक्षा के बाद ब्रांड को बंद करने का विकल्प चुना है।

## माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल साउथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए निवेश करेगा 50 अरब डॉलर

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिकी दिग्गज टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को ऐलान किया कि वह ग्लोबल साउथ के देशों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बढ़ावा देने के लिए इस दशक के अंत तक 50 अरब डॉलर निवेश करेगा।

माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और माइक्रोसॉफ्ट की वाइस प्रेसिडेंट और चीफ रिस्पॉन्सिबल एआई ऑफिसर नताशा क्रैम्पटन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि ग्लोबल नॉर्थ में एआई का उपयोग ग्लोबल साउथ की तुलना में लगभग दोगुना है।

उन्होंने लिखा,यह खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यह असमानता न केवल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि इस बात पर भी असर डालती है कि क्या एआई दुनिया भर में अवसरों और समृद्धि को बढ़ाने के अपने व्यापक वादे को पूरा कर सकता है।

स्मिथ ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ने इस चुनौती को अपने एजेंडे के केंद्र में रखकर बिल्कुल सही काम किया है।

उन्होंने कहा, एक सदी से भी अधिक समय से, बिजली तक असमान पहुंच ने वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच बढ़ती आर्थिक खाई को और गहरा कर दिया है। यदि हम तत्काल कार्रवाई नहीं करते हैं, तो एआई की बढ़ती खाई आने वाली सदी में इस असमानता को और बढ़ा देगी।

माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में एजुकेटर्स के लिए एलिवेट कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य 2,00,000 से अधिक स्कूलों, व्यावसायिक संस्थानों और उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत 20 लाख शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना है।

# भारत के ऑफिस रियल एस्टेट बाजार में जीसीसी के चलते बढ़ेगी मांग, योगदान 50 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

मुंबई(आरएनएस) । देश के शीर्ष सात शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की हिस्सेदारी भारतीय ऑफिस रियल एस्टेट की मांग में 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। इसमें अमेरिकी कंपनियों की ओर से मांग सबसे अधिक रहेगी। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 से भारत में जीसीसी देशों की लीजिंग गतिविधियों में अमेरिकी कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत रही है, जबकि यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की कंपनियों की हिस्सेदारी 8-10 प्रतिशत रही है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले कुछ वर्षों में जीसीसी देशों द्वारा ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की वार्षिक मांग 35-40 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच सकती है, जो कुल ऑफिस स्पेस की मांग का 40-50 प्रतिशत होगी। कोलियर्स इंडिया के ऑफिस सर्विसेज के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, अमेरिकी कंपनियों से टेक केंद्रित जीसीसी की मांग स्थिर हो सकती है, लेकिन हम यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की कंपनियों से, विशेष रूप से इंजीनियरिंग और विनिर्माण, बीएफएसआई और परामर्श क्षेत्रों में मांग बढ़ने की उम्मीद करते हैं। रिपोर्ट



में कहा गया है कि अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ चल रहे व्यापार समझौतों और शुल्क युक्तिकरण से टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, इंजीनियरिंग और विनिर्माण तथा परामर्श क्षेत्रों में दीर्घकालिक कार्यालय स्थान की मांग बढ़ने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2020 से देश में कुल 310 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस की मांग में से लगभग 117 मिलियन वर्ग फुट यानी 38 प्रतिशत की हिस्सेदारी जीसीसी की रही है। जीसीसी की ओर से मांग में लगातार वृद्धि इस बात से स्पष्ट है कि 2020 में मांग लगभग 16 मिलियन वर्ग फुट से बढ़कर 2025 तक लगभग 30 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गई है।


कोलियर्स इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक और अनुसंधान प्रमुख विमल नादर ने कहा, जीसीसी देश भारत में ऑफिस स्पेस की मांग को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, जिससे किराएदारों के आधार में लगातार हो रही वृद्धि और विविधता को समर्थन मिलेगा। नादर ने कहा कि वैश्विक व्यापारिक तनाव अपेक्षाकृत कम हो गया है, और भारत तथा उसके प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के बीच हाल ही में हुए द्विपक्षीय समझौतों से भारतीय ऑफिस बाजार की प्रमुख मांग को गति मिलेगी।रियल एस्टेट सेवा फर्म ने आगे कहा कि कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता और लागत में अंतर से भारत में क्षमता केंद्रों के विस्तार को और बढ़ावा मिलेगा।

## महाराष्ट्र सरकार पुनर्वास के लिए धारावी पुनर्विकास परियोजना को मलाड की 118 एकड़ जमीन सौंपेगी

मुंबई(आरएनएस)। महाराष्ट्र सरकार मलाड-मालवानी के मुक्तेश्वर में स्थित 118 एकड़ भूमि का कब्जा धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) को सौंपेगी, जिससे स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीपीएल) पुनर्वास भवनों की योजना और निर्माण शुरू कर सकेगी। नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए महाराष्ट्र सरकार और अदाणी समूह के बीच एक एसीवी है। इस जगह का उपयोग धारावी के उन निवासियों को आवास प्रदान करने के लिए किया जाएगा जो धारावी में ही पुनर्वास के पात्र नहीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि मलाड की यह जमीन, कुर्ला स्थित मदर डेयरी और मुलुंड स्थित जामास सॉल्टपैन की जमीन के बाद, डीआरपी के कब्जे में आने वाली तीसरी बड़ी जमीन है।

इस जगह पर मुख्य रूप से ऊपरी मंजिल के निवासी और वे लोग रहेंगे, जो 1 जनवरी, 2011 के बाद और 15 नवंबर, 2022 से पहले धारावी में आकर बसे हैं।परियोजना की शर्तों के अनुसार, इन निवासियों को मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के भीतर आधुनिक, सुनियोजित टाउनशिप में पुनर्स्थापित किया जाएगा।अधिकारी ने बताया कि परियोजना के लिए आवंटित अन्य भूखंडों की तरह, मलाड भूमि का स्वामित्व भी डीआरपी/एसआरए के पास रहेगा, जबकि एसपीवी के पास विकास अधिकार होंगे।118 एकड़ भूमि का कुल मूल्य लगभग 540 करोड़ रुपए आंका गया है, जिसमें से 135 करोड़ रुपए एनएमडीपीएल द्वारा विकास अधिकारों के प्रीमियम के रूप में पहले ही भुगतान किया जा चुका है।

# चिप कंपनी क्वालकॉम भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करेगी




नई दिल्ली (आरएनएस) । दिग्गज अमेरिकी चिप कंपनी क्वालकॉम ने सभी प्रकार के भारतीय स्टार्टअप्स के सपोर्ट के लिए 150 मिलियन डॉलर निवेश करने का ऐलान कर दिया है। क्वालकॉम कंपनी ने कहा कि इसके जरिए उनकी कोशिश भारत में बढ़ती टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है। इसमें प्रमुख फोकस ऑटोमौटिव के लिए एआई, आईओटी, रोबोटिक्स और मोबाइल टेक्नोलॉजी पर होगा। क्वालकॉम के प्रेसिडेंट और सीईओ क्रिस्टियानो एमोन ने कहा, क्वालकॉम अपने नए स्ट्रेटेजिक एआई वेंचर फंड के माध्यम से उन कंपनियों में निवेश कर रहा है जो भारत में एआई के अगले अध्याय को आगे बढ़ा रही हैं। अमोन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां इंटेलिजेंस सीधे उन उपकरणों और प्रणालियों में अंतर्निहित होगी जिन पर लोग प्रतिदिन निर्भर रहते हैं, चाहे वे स्मार्टफोन और पीसी, कारें, औद्योगिक मशीनें और रोबोट आदि हों। इससे अधिक समृद्ध और सार्थक अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह बदलाव संपूर्ण उद्योगों को नया रूप देगा।

## भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला, आईटी स्टॉक्स में खरीदारी

मुंबई (आरएनएस) । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। सुबह 9:23 पर सेंसेक्स 114 अंक या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,861 और निफ्टी 39 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,859 पर था। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार को संभालने का काम आईटी शेयर कर रहे थे। इस कारण निफ्टी आईटी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ सूचकांकों में टॉप गेनर था। निफ्टी मेटल, निफ्टी ऑटो, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी फार्मा, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी पीएसयू बैंक भी हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। दूसरी तरफ निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी मीडिया और निफ्टी एफएमसीजी लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी हल्की तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 16 अंक की तेजी के साथ 17,255 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 11 अंक की मामूली तेजी के साथ 60,199 पर था। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टीसीएस, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, एनटीपीसी, एचयूएल और भारती एयरटेल गेनर्स थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर

भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी आर्थिक जटिलता सूचकांक पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है।

जो देश मैनुफैक्चरिंग की विविधापूर्ण एवं बारीक क्षमताएं विकसित करते हैं, उनका तेजी से विकास होता है। ये निष्कर्ष हार्वर्ड ग्रोथ लैब का है। अमेरिका के मशहूर हार्वर्ड केनेडी स्कूल से संबंधित ये अध्ययन केंद्र ने विभिन्न देशों की उत्पादक क्षमता को मापते हुए आर्थिक जटिलता सूचकांक (ईसीआई) तैयार करता है। उसका दावा है कि इस पैमाने से विकास की रफ्तार का किसी अन्य पैमाने की तुलना में अधिक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। लैब अपने सूचकांक के आधार पर इस नतीजे पर है कि अगले दशक में प्रति व्यक्ति आर्थिक वृद्धि का अग्रणी देश वियतनाम होगा।

यानी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका चीन इस मामले में वियतनाम से पीछे रहेगा। संस्था का निष्कर्ष है कि अगले दस साल तक वैश्विक ग्रोथ का नेतृत्व पूर्वी एशिया के हाथ में बना रहेगा। ईसीआई पर जापान पहले, ताइवान दूसरे, दक्षिण कोरिया चौथे और सिंगापुर पांचवें नंबर पर आया है। गुजरे पांच साल में तीन अंकों की उछाल हासिल करते हुए चीन अब टॉप 10 में पहुंच गया है, जबकि अमेरिका गिर कर 20वें स्थान पर चला गया है। 145 देशों की इस सूची में भारत को 41वें स्थान पर रखा गया है। विश्लेषकों के मुताबिक भारत का स्कोर मध्यम स्तर पर है, जो यह दिखाता है कि भारत की उत्पादन संरचना विविध तो है, लेकिन उच्च-तकनीक और जटिल उत्पादों में पर्याप्त विस्तार का अभाव है। इस सूचकांक में भारत को ऊपर चढ़ना है, तो उसे उच्च मूल्य वाले और तकनीकी रूप से परिष्कृत वस्तुओं के उत्पादन की क्षमता विकसित करनी होगी। भारत की ताकत फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और आईटी सेवाओं में है, जो उच्च जटिलता वाले क्षेत्रों में आते हैं। लेकिन कृषि और प्राथमिक वस्तुओं की बड़ी हिस्सेदारी ईसीआई पर भारत के ऊपर जाने में रुकावट है। ईसीआई में मुख्य ध्यान ज्ञान एवं उच्च उत्पादन क्षमताओं पर केंद्रित है। इन्हें किसी देश में उत्पादक ढांचे के विकास का सबसे अहम हिस्सा माना गया है। ये रिपोर्ट एक आईना है, जिससे पता चलता है कि दुनिया विकास कथाओं को किन कसौटियों पर देख रही है। भारतवासियों को इसमें अपना चेहरा जरूर देखना चाहिए।



महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर नई दिल्ली में यूरोपीय संसद की महिला अधिकार और लैंगिक समानता समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करती हुई.

--भवानी प्रसाद मिश्र पुण्यतिथि पर विशेष --

# मानवतावादी कवियों में प्रमुख कवि भवानी प्रसाद मिश्र



राष्ट्रकवि पं भवानी प्रसाद मिश्र

## गांधीवादी लोकचेतना के प्रवर्तक स्वतंत्रता संग्राम के अमर प्रेहरी, कवियों के कवि थे भवानी दादा

*जन्म : 29 मार्च 1913,*
*जन्म स्थान : टिगरिया, नर्मदापुरम होशंगाबाद, मध्य प्रदेश*
*पुण्यतिथि : 20 फ़रवरी 1985, निधन नरसिंहपुर*

*दादा की मुख्य रचनाएं-गीत फ़रोश, बुनी हुई रस्सी,नीली रेखा, मानसरोवर,अनाम तुम आते हो, त्रिकाल संध्या, चकित है दुन्ख, और अन्धेरी कविताएँ आदि।*

*भाषा : हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृत*

*शिक्षा : होशंगागाद, सोहागपुर, बीए,जबलपुर, आदि स्थानों पर।*

*पुरस्कार: उपाधि-साहित्य अकादमी पुरस्कार,और पद्मश्री, राज्य स्तरीय शिखर सम्मान।*

*प्रसिद्धि :हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और गाँधीवादी विचारक*

**बलराम शर्मा**

हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कवि गांधीवादी लोकचेतना के प्रर्वतक राष्ट्रकवि भवानी प्रसाद मिश्र का स्थान मानवतावादी कवियों में प्रकृतिवादी कवियों में प्रमुख है। स्व.श्रीमिश्र दूसरे सप्तक के एक प्रमुख कवि हैं। मिश्र जी विचारों संस्कारों और अपने कार्यों से पूर्णत: गांधीवादी हैं। गाँधीवाद की स्वच्छता पावनता और नैतिकता का प्रभाव और झलक भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में साफ़ देखी जा सकती है। उनका प्रथम संग्रह गीत.फ़रोशश अपनी नई शैली नई उद्भावनाओं और नये पाठ.प्रवाह के कारण अत्यंत लोकप्रिय है।

### साहित्यिक जीवन

दादा भवानी प्रसाद मिश्र के द्वारा कविताएं लिखने की शुरूआत 1930 से हो गयी थी और कुछ कविताएँ पंडित ईश्वरी प्रसाद वर्मा के सम्पादन में निकलने वाले हिन्दू पंच में हाईस्कूल पास होने के पहले ही प्रकाशित हो चुकी थीं। सन 1932-33 में वे माखनलाल चतुर्वेदी के संपर्क में आए। श्री चतुर्वेदी आग्रहपूर्वक कर्मवीर में भवानी प्रसाद मिश्र की कविताएँ प्रकाशित करते रहे। हंस में काफ़ी कविताएँ छपीं और फिर अज्ञेय जी ने दूसरे सप्तक में इन्हे प्रकाशित किया। दूसरे सप्तक के प्रकाशन के बाद प्रकाशन क्रम ज्यादा नियमित होता गया। उन्होंने चित्रपट ;सिनेमा के लिए संवाद लिखे और मद्रास के एबीएम में संवाद निर्देशन भी किया। मद्रास से मुम्बई आकाशवाणी के निर्माता बन गए और आकाशवाणी केन्द्र दिल्ली में भी काम किया।

### हिन्दी जगत में प्रसिद्ध भवानी दादा की प्रमुख कृतियाँ

गीतफ़रोश,चकित है दुख,गांधी पंचशती,अंधेरी कविताएँ,बुनी हुई रस्सी, व्यक्तिगत, खुश्बू के शिलालेख, परिवर्तन जिए, त्रिकाल संध्या,अनाम तुम आते हो, इंदन मम्, शरीर कविताएं, फसलें और फूल,मानसरोवर दिन,संप्रति नीली रेखा आदि अनेक काव्य कृतियां प्रकाशित हुईं। दादा ने अनेक संस्मरण निबंध तथा बाल.साहित्य की भी रचनाएं की हैं। फिल्मों में गीत भी लिखे।

### भवानी प्रसाद मिश्र की शैली कथन की सादगी

भवानी प्रसाद मिश्र उन गिने चुने कवियों में थेए जो कविता को ही अपना धर्म मानते थे और आमजनों की बात उनकी भाषा में ही रखते थे। वे कवियों के कवि थे। मिश्र जी की कविताओं का प्रमुख गुण कथन की सादगी है। बहुत हल्के.फुलके ढंग से वे बहुत गहरी बात कह देते हैं जिससे उनकी निश्छल अनुभव संपन्नता का आभास मिलता है। इनकी काव्य.शैली हमेशा पाठक और श्रोता को एक बातचीत की तरह सम्मिलित करती चलती है। मिश्र जी ने अपने साहित्यिक जीवन को बहुत प्रचारित और प्रसारित नहीं किया। मिश्र जी मौन निश्छलता के साथ साहित्य.रचना में संलग्न हैं। इसीलिए उनके बहुत कम काव्य.संग्रह प्रकाशित हुए हैं।

### गांधी गीतों के गायक भवानी भाई

घर में उनको मन्ना कहते थे। साहित्यकार भवानी भाई के नाम से जानते थे। वहीं अब उनके नहीं रहने पर उन्हें आदर भाव से भवानी दादा के नाम से ही जाना जाता है। बराबरी वाले उन्हें भवानीबाबू के नाम से भी पुकारते थे। कहा जाता है कि भवानी दादा जब काव्य पाठ शुरू करें फिर उन्हें दूसरा सुनाने का आग्रह करने की ज़रूरत नहीं पड़ती थी। एक के बाद दूसरी कविता निकलती जाती थी। पंचतंत्र की कथाओं की भांति। कई बार तो एक कविता कब पूरी हुई और दूसरी कब शुरू हुई इसका श्रोता को भान नहीं रहता। मेघाणी भाई ;गुजराती के प्रख्यात कवि झवेरचंद मेघाणी के अलावा इतनी अधिक स्वरचित रचनाओं को कंठस्थ रखने वाले किसी अन्य कवि से मिलना बहुत मुश्किल है। जब वे काव्य.पाठ करते तब मानो श्रोता उन पर उपकार कर रहे हों ऐसी कृतज्ञ दृष्टि से उन्हें देख रहे होते थे। परंतु ज्यों.ज्यों गीतों में वे गहरे उतरते त्यों.त्यों उनका पाठ स्वान्त- सुखाय हो जाता। बावजूद इसके श्रोताओं को भी वे सरोबोर कर देते थे। कई बार तो उनका छंद श्रोताओं को साथ गाने की प्रेरणा दे जाता था।,

### उनकी कविता की एक बानगी

जी हां हुजूर मैं गीत बेचता हूं
तरह तरह के गीत बेचता हूं।
एक और कविता
चलो गीत गाओ चलो गीत गाओ।
कि गा गा के दुनिया को सर पर उठाओ
अभागों की टोली अगर गा उठेगी
तो दुनिया पे दहशत बड़ी छा उठेगी
सुरा.बेसुरा कुछ न सोचेंगे गाओ
कि जैसा भी सुर पास में है चढ़ाओ,
दिल्ली की माया से दूर रहे

आज़ादी के बाद भवानी प्रसाद अधिकतर दिल्ली की धूल और धुएं के बीच शहर में रहे। परंतु देश के कल्याण की कामना ने उन्हें कभी दिल्ली की माया में फंसने नहीं दिया। यूं बड़े लोगों के साथ जान.पहचान की कमी न थी। महात्मा गांधी, विनोबा भावेख, जवाहरलाल नेहरू, जैसों के साथ उनका परिचय था। बजाज कुटुम्ब के साथ घरोबा था। श्रीमन्नारायण तो उनके मुक्त प्रशंसक थे परंतु इनके पहचान का खुद लाभ कभी नहीं लिया। विचारों से भवानी बाबू सच्चे गांधीवादी थे। मगर उनका कवि हृदय किसी वाद के खांचे में समा जाए ऐसा न था। इसीलिए वे गांधीवादी कवि बनने के बदले मानववादी कवि बने रहे। भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं की समीक्षा करते हुए प्रोफेसर महावीर सरन जैन का कथन है कि हिन्दी की नई कविता पर सबसे बड़ा आक्षेप यह है कि उसमें अतिरिक्त अनास्था, निराशाए विशाद, हताशा, कुंठा और मरणधर्मिता है। उसको पढ़ने के बाद जीने की ललक समाप्त हो जाती है, व्यक्ति हतोत्साहित हो जाता है, मन निराशावादी और मरणासन्न हो जाता है। यह कि नई कविता ने पीड़ा, वेदना, शोक और निराशा को ही जीवन का सत्य मान लिया है। नई कविता भारत की जमीन से प्रेरणा प्राप्त नहीं करती। इसके विपरीत यह पश्चिम की नकल से पैदा हुई है। भवानी प्रसाद मिश्र की कविताएँ इन सारे आरोपों को ध्वस्त कर देती हैं।

### संक्षिप्त जीवन परिचय

भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म नर्मदा तट के ग्राम टिगरिया जिला होशंगाबाद,मध्य प्रदेश में हुआ था। भवानी प्रसाद मिश्र की प्रारंभिक शिक्षा सोहागपुर,होशंगाबाद,नरसिंहपुर और जबलपुर में हुई। उन्होंने हिन्दी, अंग्रेज़ी और संस्कृत विषय लेकर बीए तक की शिक्षा प्राप्त की। भवानी प्रसाद मिश्र ने महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर शिक्षा देने के विचार से एक स्कूल खोल लिया और उस स्कूल को चलाते हुए ही 1942 में गिरफ्तार होकर 1949 में छूटे। उसी वर्ष महिलाश्रम वर्धा में शिक्षक की तरह चले गए और चार पाँच साल वर्धा में बिताए।

### एक कविता में उन्होंने इस टीस पहुंचाने वाली दिशा की ओर इंगित करते हुए कहा था.

पहले इतने बुरे नहीं थे तुम
याने इससे अधिक सही थे तुम
किंतु सभी कुछ तुमही करोगे इस इच्छा ने
अथवा और किसी इच्छा नेए आसपास के लोगों ने
या रूस.चीन के चक्कर.टक्कर संयोगों ने
तुम्हें देश की प्रतिभाओं से दूर कर दिया
तुम्हें बड़ी बातों का ज्यादा मोह हो गया
छोटी बातों से संपर्क खो गया
धुनक.पींज कर कात.बीन कर
अपनी चादर खुद न बनाई
बल्कि दूर से कर्ज़ लेकर मंगाई
और नतीजा चाचा.भतीजा
दोनों के कलपनातीत है
यह कर्जे की चादर जितना ओढ़ो
उतनी कड़ी शीत है।

भवानी दादा जिस आध्यात्मिक पीठ पर आसीन थे उसने उन्हें कभी निराशा में डूबने नहीं दिया। जैसे सात.सात बार मौत से वे लड़े वैसे ही आज़ादी के पहले गुलामी से लड़े और आज़ादी के बाद तानाशाही से भी लड़े।

### सम्मान और पुरस्कार

भवानी दादा की रचनाओं में पाठक से संवाद करने की क्षमता है। सन् 1972 में आपकी कृति ष्बुनी हुई रस्सीष् के लिए आपको साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक पुरस्कारों के साथ.साथ आपने भारत सरकार का पद्म श्री अलंकार भी प्राप्त किया। 1981.82 में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के संस्थान सम्मान से सम्मानित हुए और 1983 में उन्हें मध्य प्रदेश शासन के शिखर सम्मान से अलंकृत किया गया।

# एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक डरा हुआ!

हरिशंकर व्यास

कितनी गजब बात है। क्या दुनिया के किसी देश, किसी संसद में ऐसा हुआ जो पहली बात सदन के नेता को स्पीकर बोले कि आपको भाषण नहीं देना है। और प्रधानमंत्री डर कर राष्ट्रपति अभिभाषण का भी धन्यवाद न करे! इससे भी बड़ा वैश्विक रिकॉर्ड तो देश का प्रधानमंत्री चंद महिला सांसदों के शोर, उनके घेरने को अपने जीवन पर खतरा माने? राहुल गांधी से आंखे मिलाकर अपने समय के ही सेनापति की पुस्तक को लेने से घबराए!और इससे भी अधिक शर्मनाक की राज्यसभा में विपक्ष की खाली बेंचों के आगे प्रधानमंत्री दहाड़े। राहुल गांधी के खानदान के कोसे, उन्हें गांधी के नाम का चोर बताए। अपने समर्थकों की गली में दहाड़ना और विपक्ष से भरी गली से दुबकना, भागना तो वैश्विक ताकत याकि चीन के शी जिनपिंग और अमेरिका के ट्रंप के आगे या तो घिग्घी बंधना, जबरदस्ती गले लगना या मौन रहना, अपमान सहना!ओह! हिंदू राष्ट्र। भला क्यों 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री और एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक इतना डरा हुआ! फिर भी नगाड़ा मैं देश और हिंदुओं का रक्षक। मुझे ही विश्वास नही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार फरवरी को लोकसभा में इसलिए भाषण नहीं दिया क्योंकि उनको लग रहा था कि कुछ अप्रत्याशित घटित हो सकता है। और अपने मुंह से सीधा नहीं बोला।




मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें। इस राशि के छात्रों आज किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए फार्म भरने का मन बनायेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। आप किसी काम में अच्छी परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। ऑफिस में नई जिम्मेदारियां आपको मिलेंगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं। आज आप महत्वपूर्ण काम पूरा करने में सफल होंगे, जो भविष्य में आपको बड़ा फायदा देने वाला रहेगा।

कर्क राशि: आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है। दोस्तों के साथ बाहर मूवी देखने का प्लान बन सकता है। बिजनेस के सिलसिले में आपका बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

सिंह राशि: आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं। इस राशि के छात्रों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

कन्या राशि: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। आज आप अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलने जा सकते हैं। इम्युनीटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए आप योगा कर सकते हैं। आप खुद को दूसरों के सामने साबित करने में सफल होंगे।

तुला राशि: आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनों से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें। आज घर और काम में संतुलन बनाए रखेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।

धनु राशि: आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। आज किसी कार्य में आ रही समस्याएं समाप्त हो जाने से कार्य तय समय पर पूरा हो जाएगा। लोगों का विश्वास आपके ऊपर बना रहेगा। जरूरतमंद को खाना खिलाने से आपका मन खुश रहेगा।

मकर राशि: आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। किसी नजदीकी रिश्तेदार के आने से घर में खुशियों का माहौल रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर आज उनके मन पसंद जगह पर होगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। पहले किये गये कामों से भी आज बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। अधिकारी वर्ग आपके काम की तारीफ करेंगे। प्रॉपर्टी से जुड़े काम आज पूरे हो सकते हैं।

मीन राशि: आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है। आज का दिन बाहर घूमने-फिरने में बीतेगा। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप का प्लान बना सकते हैं, सभी सदस्यों में उत्साह बना रहेगा।

# शंकराचार्य के साथ ऐसा बरताव

अजीत द्विवेदी

यह संयोग नहीं है कि करीब तीन साल तक आधा दर्जन से ज्यादा पिछड़ी जाति के नेताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की चर्चा करने के बाद भाजपा ने अगड़ी जाति के नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया और उसके बाद यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के नाम पर ऐसा नियम पेश किया, जिसके खिलाफ पूरा सवर्ण समाज आंदोलित हुआ। यह भी संयोग नहीं है कि एक शंकराचार्य को माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन स्नान से रोका गया और 11 दिन के अनशन के बाद भी किसी ने अनशन समाप्त कराने का प्रयास नहीं किया। उलटे शंकराचार्य की साख बिगाड़ने और उनके पट्टाभिषेक को विवादित साबित करने वाले काम हुए।

शंकराचार्य को मेला प्रशासन ने नोटिस देकर उनकी पदवी के बारे में सफाई मांगी और दूसरी नोटिस में उनको धमकाया कि जमीनें ले ली जाएंगी और सुविधाएं छीन ली जाएंगी। हिंदुत्व की राजनीति करने वाली पार्टी अगर हिंदू धर्म की धार्मिक व आध्यात्मिक परंपरा के शिखर पर बैठे चार में से एक शंकराचार्य को धमकी दे रही है तो वह अनायास नहीं हो सकता है।

संभव है कि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ रविवार, 18 जनवरी को जो घटना हुई वह अचानक हो गई हो। वे पालकी से स्नान के लिए जा रहे थे और भीड़ बहुत होने की वजह से उनको रोका गया हो। लेकिन उसके बाद जो कुछ भी हो रहा है वह एक राजनीतिक योजना का हिस्सा प्रतीत होता है। ऐसा लग रहा है कि शंकराचार्य से पुरानी बातों और उनके बयानों का बदला लिया जा रहा है और उस पद के महत्व को हमेशा के लिए समाप्त किया जा रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अक्सर विवादित बयान देते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके विवादित बयानों से अछूते नहीं रहे हैं। उन्होंने पिछले साल प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ और लोगों की मौत को लेकर राज्य की योगी आदित्यनाथ की सरकार को भी कठघरे में खड़ा किया था।



ध्यान रहे भारत में शंकराचार्य का पद कभी भी ईसाई धर्म के वेटिकन के पोप की तरह या इस्लाम धर्म के मौलानाओं, शाही इमामों या खलिफाओं की तरह नहीं रहा है। वे हिंदू धर्म के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं जारी करते हैं और उनके प्रति सम्मान का भाव रखने वाला हिंदू समाज भी उनके हिसाब से अपना जीवन चलाने के लिए बाध्य नहीं होता है। वे सनातन की आध्यत्मिक परंपरा के सर्वोच्च प्रतिनिधि होते हैं। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत का जो सिद्धांत दिया वे उसका प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के एक राष्ट्र राज्य के तौर पर उभरने से पहले शंकराचार्य द्वारा निर्धारित की गई भौगोलिक सीमा के चारों कोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस लिहाज से उनका अपना महत्व है।

शंकराचार्यों की बातों को हिंदू जीवन पद्धति में हस्तक्षेप के तौर पर कभी नहीं देखा गया लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ शंकराचार्यों और अन्य धर्मगुरुओं या कथावाचकों का राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ा है। अपने समर्थकों या प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने के लिए वे लोकप्रिय भावना के अनुरूप बयानबाजी करने लगे। इसमें कथावाचक और धर्म को कारोबार बनाने वालों ने तो सहज रूप से सबसे शक्तिशाली दल और सरकार के समर्थन में बोलना शुरू कर दिया लेकिन आध्यात्मिक परंपरा का पालन करने वाले शंकराचार्यों ने ऐसा नहीं किया।

तभी जब सौंदर्यीकरण के नाम पर मंदिर तोड़े गए तो स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की तुलना औरंगजेब से कर दी या जब अयोध्या में राममंदिर संपूर्ण नहीं हुआ था, उसका शिखर नहीं बना था, उस पर ध्वजा नहीं फहराई गई थी तो चारों शंकराचार्य उसके उद्घाटन में शामिल होने नहीं गए। हो सकता है कि इससे राजसत्ता में नाराजगी हुई हो। राजसत्ता ने धर्मसत्ता को अपने लिए चुनौती की तरह देखा हो और अविमुक्तेश्वरानंद के पुराने राजनीतिक बयानों को आधार बना कर उनके बहाने शंकराचार्य की समूची व्यवस्था की साख बिगाड़ने और उसका महत्व कम करने का प्रयास किया जा रहा हो।

यह भी हो सकता है कि प्रयागराज में माघ मेले में हुई घटना के बहाने सबक देने की कोशिश हुई हो ताकि आगे यह सुनिश्चित किया जा सके कि धर्मसत्ता कभी भी राजसत्ता का विरोध न करे। शंकराचार्य इस बात को समझ रहे हैं तभी धीरे धीरे बाकी तीन शंकराचार्यों, द्वारिका की शारदा पीठ के सदानंद जी महाराज, पुरी की गोवर्धन पीठ के स्वामी निश्चलानंद जी महाराजा और शृंगेरी पीठ के स्वामी भारती तीर्थ जी महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन किया है। पहले अगर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के पट्टाभिषेक को लेकर कुछ संशय् था तो उसे दरकिनार करके तीनों शंकराचार्य उनके समर्थन में उतरें हैं।ध्यान रहे शंकराचार्य का चयन शंकराचार्य ही करते हैं। उसके बाद ज्यादा से ज्यादा यह होता है कि बाकी शंकराचार्य उसका समर्थन करें। इस लिहाज से अविमुक्तेश्वरानंद की नियुक्ति विवादित नहीं होनी चाहिए थी क्योंकि उनके गुरू और शारदा पीठ व ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने उनकी नियुक्ति की थी। ज्योतिषपीठ विवाद में इसलिए फंसा क्योंकि स्वरूपानंद सरस्वती दो पीठों के शंकराचार्य थे। सवाल उठाया गया कि एक व्यक्ति दो पीठ का शंकराचार्य नहीं हो सकता है। इसी तरह से यह भी परंपरा है कि कोई भी पीठ खाली नहीं रहेगी। सो, अगर अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य नहीं माना जाए तो क्या तीन साल से ज्यादा समय से ज्योतिषपीठ खाली है?

बहरहाल, सरकार को इन तमाम बातों की जानकारी है।



## भीषण सड़क हादसा : तेज रफ्तार कार नहर में गिरी, शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत

मथुरा(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। नगला देविया मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार में सवार सभी युवक एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला गया। इससे पहले ग्रामीणों ने युवकों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।

मथुरा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद रावत ने बताया कि रात करीब 9 बजे चार युवक कार से जा रहे थे। संभवत: वाहन तेज रफ्तार में था और चालक मोड़ को देख नहीं सका। कार पहले एक सीमेंटेड टंकी से टकराई, जिससे टंकी टूट गई और वाहन पलट गया। वहां मौजूद 5-6 मीटर गहरे नाले में कार गिर गई। एसपी के अनुसार, ग्रामीणों ने तुरंत कार सवारों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और ट्रैफिक टीम क्रेन के साथ मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और वाहन को भी नहर से बाहर निकाल लिया गया है। मामले की जांच जारी है। मृतकों की पहचान राहुल (23), मोहित (21), अमित (23) और एक अन्य युवक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कार अमित चला रहा था। सभी युवक गोवर्धन निवासी थे और डीग में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचकर बिलख पड़े। पुलिस तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही को हादसे का प्रमुख कारण मानते हुए मामले की जांच कर रही है।

## सीएम मान को अस्पताल से मिली छुट्टी, चंडीगढ़ रिहायश के लिए हुए रवाना, 2 दिन पहले भर्ती हुए थे

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री मान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। जानकारी के मुताबिक अब वह सरकारी सीएम आवास चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि अब उनकी सेहत में काफी सुधार हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह लुधियाना में किला रायपुर खेलों में शामिल हो सकते हैं।आज ही खेलों को समापन हो रहा है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री मान को तबीयत खराब होने के बाद सोमवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। इसके बाद बुधवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया ने उनसे मुलाकात की थी।बता दें 15 फरवरी को शिवरात्रि वाले दिन दोपहर में ष्टरूमान संगरूर के धूरी स्थित श्री रणकेश्वर महादेव शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। इसके बाद ष्टरू की तबीयत बिगड़ गई।सीएम का संगरूर के बाद फाजिल्का दौरा था, जिसे अब रद्द कर दिया गया। इसके बाद उन्हें तुरंत मोहाली फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, वह 16 फरवरी को मोगा रैली में शामिल हुए। उसके बाद फिर उनकी तबीयत बिगड़ी। जिसके बाद उसी दिन उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली है।

## 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी मामले में विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को मिली जमानत

मुंबई,(आरएनएस)। 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मामले में विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है और साथ ही दोनों पक्षों को मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की सलाह दी है। इससे पहले 13 फरवरी को मामले को लेकर हुई सुनवाई में पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने दंपत्ति को मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और कहा था कि जेल में बंद करके पैसे की रिकवरी नहीं की जा सकती है और साथ ही राजस्थान पुलिस को मामले में नोटिस भी जारी किया था। गुरुवार को कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए दंपत्ति को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया, लेकिन जमानत के दिशा-निर्देश उदयपुर कोर्ट ही तय करेगा। बता दें कि 7 दिसंबर से जेल में बंद विक्रम भट्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट में जमानत याचिका डाली थी, लेकिन वहां से राहत न मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में आरोप है कि भट्ट दंपति ने शिकायतकर्ता को उसकी दिवंगत पत्नी के जीवन पर बनने वाली बायोपिक और तीन अन्य फिल्मों के लिए 30 करोड़ से अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया था और उन्हें इसके एवज में अच्छे मुनाफे का भरोसा दिया था, जो पूरा नहीं हुआ। कुछ फिल्मों की शूटिंग हुई, लेकिन बाकी फिल्में ठंडे बस्ते में रहीं।

# अमेरिका-चीन पर निर्भर नहीं रहना चाहते भारत और फ्रांस, एआई में रणनीतिक स्वायत्तता पर मैक्रों का जोर



नई दिल्ली (आरएनएस)। इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि भारत और फ्रांस अमेरिका या चीन के एआई मॉडल पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साथ-साथ पूरे यूरोप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता हासिल करने का साझा संकल्प है। मैक्रों ने जोर देकर कहा, मैं सच में मानता हूं कि भारत, फ्रांस और यूरोप में हमारा एक ही जुनून है कि हम अमेरिका या चीन के किसी एक मॉडल पर पूरी तरह निर्भर नहीं होना चाहते। हमें एक व्यापक और संतुलित मॉडल चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दुनिया भर में AI की दौड़ तेज हो चुकी है और कुछ बड़े वैश्विक खिलाड़ी बाजार पर हावी हैं। मैक्रों ने भारत, फ्रांस और यूरोप से एकजुट होकर ऐसा ढांचा तैयार करने की अपील की जो तकनीकी संप्रभुता को प्राथमिकता दे और किसी एक देश या कंपनी पर आंख मूंदकर भरोसा न करे।

### AI में आत्मनिर्भरता के लिए स्पष्ट रोडमैप

मैक्रों ने,ढ्ढ के क्षेत्र में स्वतंत्रता हासिल करने के लिए मजबूत आधार तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे पास पर्याप्त डेटा सेंटर और कंप्यूटिंग क्षमता हो। हमें अपने देशों में प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना होगा। यह साफ तौर पर कंप्यूटिंग क्षमता, प्रतिभा और पूंजी का सवाल है।उन्होंने स्वीकार किया कि ,ढ्ढ की वैश्विक दौड़ में अमेरिका और चीन फिलहाल आगे हैं, जबकि भारत और फ्रांस पीछे हैं। हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों के पास मजबूत संसाधन और क्षमता मौजूद है। मैक्रों ने कहा, हम अमेरिका और चीन से पीछे हैं, लेकिन हम इस रेस में हैं। हमारे पास कई अहम एसेट्स हैं और हम प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं।




## यमुना एक्सप्रेसवे पर 400 करोड़ रुपये के निवेश से हाइपरस्केल डेटा सेंटर स्थापित करेगा बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन

*नोएडा (आरएनएस)। उत्तर भारत में डिजिटल अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन ने यमुना एक्सप्रेसवे पर एक अत्याधुनिक हाइपरस्केल डेटा सेंटर विकसित करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व कैलटेक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (Caltech) के पूर्व छात्र करण गुप्ता द्वारा किया जाएगा।इस संबंध में राकेश सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO), YEIDA ने बी.के. सेल्स कॉर्पोरेशन को डेटा सेंटर की स्थापना हेतु 5 एकड़ भूमि आवंटन के लिए एलओआई (LOI) का पत्र सौंपा । इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया आईएएस उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह परियोजना उत्तर भारत को डेटा और डिजिटल नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।*

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, 5 नक्सली किए ढेर; 214 ठिकाने किए ध्वस्त



बीजापुर (आरएनएस)।छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। यह कार्रवाई जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का हिस्सा है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों को जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी के दौरान नक्सलियों ने कथित तौर पर पहले गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए।अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त करने का दावा किया है। साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इससे नक्सलियों की गतिविधियों पर असर पड़ेगा।पिछले कुछ दिनों से बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान तेज किया गया है। सुरक्षाबलों का कहना है कि यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नक्सली नेटवर्क को कमजोर करने के उद्देश्य से की जा रही है।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के मौके पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ से मुलाकात की।**

# एआई इतिहास का परिवर्तनकारी क्षण..यह मानव सामर्थ्य को कई गुना बढ़ाएगी, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एआई मानव इतिहास का परिवर्तनकारी क्षण है और यह मानव सामर्थ्य को कई गुना बढ़ाएगी। समिट में अपने मुख्य संबोधन में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एआई दुनिया के बड़े टेक्नोलॉजी बदलाव की तरह है। बस इसमें फर्क यह है कि पहले की तरह नई टेक्नोलॉजी आने में दशकों का समय नहीं लग रहा है, बल्कि यह बदलाव काफी तेज हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि आज मशीन लर्निंग से लर्निंग मशीन तक का सफर तेज भी है, गहरा भी है और व्यापाक भी है। हमें विजन भी बड़ा रखना है और जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी निभानी है। वर्तमान पीढ़ी के साथ ही हमें इस बात की भी चिंता करनी है कि आने वाली पीढ़ियों के हाथों में हम एआई का क्या स्वरूप सौंपकर जाएंगे। इसलिए, आज असली



प्रश्न ये नहीं है कि भविष्य में एआई क्या कर सकती है। प्रश्न ये है कि वर्तमान में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ क्या करते हैं।

इस समिट का मूल उद्देश्य एआई को मशीन केंद्रित से मानव केंद्रित और संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने पर है। पीएम ने कहा कि भारत एआई को किस दृष्टि से देखता है। उसका स्पष्ट प्रतिबिंब इस समिट की थीम सर्वजन हिताय - सर्वजन सुखाय में है। यही हमारा बेंचमार्क है। एआई के लिए इंसान सिर्फ डेटा प्वाइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटेरियल तक सीमित न रह जाए। इसलिए एआई को लोकतंत्रीकरण करना होगा। इसे ग्लोबल साउथ में समावेशन और सशक्तिकरण का माध्यम बनाना होगा।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि मौजूदा समय में कई बड़ी कंपनियां एआई को रणनीतिक संपत्ति मानती है और कोड को सीक्रेट रखती हैं, लेकिन भारत का मानना है कि एआई का इस्तेमाल तभी दुनिया की भलाई के लिए तभी हो सकता है, जब इसके कोड सार्वजनिक होंगे।

## एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स, फाउंडेशन ने दी जानकारी; ये है वजह

नई दिल्ली (आरएनएस)। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में स्पीच नहीं देंगे। गुरुवार को गेट्स फाउंडेशन ने यह जानकारी दी। गेट्स फाउंडेशन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि बिल गेट्स की जगह समिट में उनके अफ्रीका और भारत कार्यालय के अध्यक्ष अंकुर वोरा अपना भाषण देंगे।फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गहन विचार-विमर्श के बाद और एआई समिट की प्रमुख प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित बनाए रखने के उद्देश्य से गेट्स अपना मुख्य भाषण (कीनोट संबोधन) नहीं देंगे। गेट्स फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा करेंगे, जो गुरुवार को बाद में समिट में संबोधित करेंगे।भारत में अपनी जारी पहलों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए गेट्स फाउंडेशन ने लिखा, हम साझा स्वास्थ्य और विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए भारत में हमारे काम के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। गेट्स फाउंडेशन का यह बयान एपस्टीन फाइलों में कथित तौर पर उनका नाम शामिल होने के बाद हुए विवाद के बीच आया। यह स्पष्टीकरण कई दिनों की अटकलों और अनिश्चितता के बाद आया, जब छह दिवसीय समिट के आधिकारिक प्रमुख प्रतिभागियों की सूची में गेट्स का नाम शामिल नहीं था, जिससे उनकी भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे।'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता का उपयोग करने के लिए सहयोगात्मक रणनीतियां तैयार करना है, साथ ही नवाचार, जिम्मेदार शासन और सीमा-पार साझेदारियों को बढ़ावा देना है।इस समिट में वैश्विक नेता, नीति-निर्माता और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एक साथ आए हैं, जो आर्थिक विकास को गति देने, शासन में सुधार करने और सामाजिक विकास को तेज करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्षमता पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। कार्यक्रम का लक्ष्य वैश्विक एआई पहलों को भारत की सभ्यतागत भावना 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के साथ जोड़ने की कोशिश करता है।

# बिना पेनिट्रेशन के इजैक्युलेशन रेप नहीं, हाईकोर्ट का अहम फैसला

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने यौन अपराधों से जुड़े एक मामले में बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट



किया है कि यदि महिला के जननांग में 'पेनिट्रेशन' (पैठ) के बिना ही स्खलन (इजैक्युलेशन) हो जाता है, तो इस कृत्य को कानूनन 'बलात्कार' नहीं माना जा सकता। भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 375 की कानूनी व्याख्या करते हुए कोर्ट ने इसे 'बलात्कार का प्रयास' माना है, जो IPC की धारा 376 और 511 के तहत दंडनीय अपराध है। इस फैसले के साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति की सजा को बलात्कार से बदलकर बलात्कार की कोशिश में तब्दील कर दिया है।

### 20 साल पुराने मामले में साक्ष्यों के आधार पर पलटा फैसला

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने यह अहम टिप्पणी करीब 20 साल पुराने एक आपराधिक मामले की अपील पर सुनवाई करते हुए की। इस मामले में निचली अदालत ने आरोपी को बलात्कार का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। लेकिन जब हाई कोर्ट ने मामले के तथ्यों और साक्ष्यों का दोबारा बारीकी से मूल्यांकन किया, तो पाया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा कि घटना के वक्त वास्तव में 'पेनिट्रेशन' हुआ था। कोर्ट ने कहा कि बलात्कार की परिभाषा के तहत पेनिट्रेशन का होना अनिवार्य शर्त है। केवल पुरुष जननांग का महिला के निजी अंग के संपर्क में आना या बिना पैठ के स्खलन होना बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता है।

### गंभीर अपराध है, लेकिन सजा कानून के दायरे में होगी तय

अदालत ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया कि भले ही यह कृत्य तकनीकी रूप से 'बलात्कार' की श्रेणी में नहीं आता, लेकिन यह एक बेहद गंभीर आपराधिक कृत्य है और इसे किसी भी सूरत में हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने माना कि आरोपी की मंशा स्पष्ट रूप से बलात्कार करने की थी, लेकिन वह अपने नापाक मंसूबों में पूरी तरह सफल नहीं हो सका। अदालत ने जोर देकर कहा कि पीड़िता की गरिमा और शारीरिक स्वायत्तता पर हमला होने पर सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन सजा तय करते वक्त कानूनी प्रावधानों और अपराध के तय मानकों का पालन करना भी उतना ही जरूरी है।बलात्कार और उसके प्रयास के बीच कानूनी अंतर को स्पष्ट करने वाले इस फैसले को काफी अहम माना जा रहा है।

## नोएडा के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, सीबीएसई परीक्षा के दौरान मचा हड़कंप

नोएडा, (आरएनएस)। नोएडा में उस समय हड़कंप मच गया, जब शहर के एक दर्जन से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए। यह धमकी ऐसे समय में दी गई, जब स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा के दौरान आई इस धमकी ने छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह कई निजी स्कूलों के आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरे संदेश भेजे गए। ईमेल में स्कूल परिसरों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तत्काल स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। एहतियात के तौर पर कुछ स्कूलों में छात्रों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जबकि कई जगहों पर परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षा घेरे में जारी रखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस, सुरक्षा बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंच गए। स्कूल परिसरों की सघन चेकिंग की जा रही है। हर कोने की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु की पुष्टि की जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी भी स्कूल से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जांच पूरी होने तक सतर्कता बरती जा रही है।

# बटुकों को घर बुलाकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया सम्मान, अतिथियों ने जताया आभार

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेला में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और प्रशासन के बीच हुआ विवाद अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। मामले को लेकर बयानबाजी तेज है और सियासी आरोप-प्रत्यारोप थमने का नाम नहीं ले रहे। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को अपने आधिकारिक आवास पर बड़ी संख्या में बटुकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया। इस दौरान बटुकों ने उन्हें फूल भेंट कर स्वागत किया और उनके समर्थन के लिए आभार जताया। एक बटुक ने कहा कि डिप्टी सीएम ने उनकी आवाज उठाई और सम्मान दिया। दूसरे बटुक ने कहा कि वे सनातन समाज के पक्ष में खड़े होने और उनके साथ हुए अन्याय के मुद्दे को उठाने के लिए उनका धन्यवाद करने आए हैं। वहीं, यूपी सरकार के मंत्री ओपी राजभर ने कहा, यह साफ है कि हिंदू धर्म के सिद्धांतों के अनुसार, जैसा कि ब्रजेश पाठक ने कहा है, किसी को चोटी से खींचना हिंदू धर्म की परंपराओं के खिलाफ है और यह गलत है। यह बात सही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में पाप और पुण्य है। तो, पाप लगने की जो बात उन्होंने कही है, वह सही है। रही बात कानून व्यवस्था की, तो जो कानून के साथ खिलवाड़ करेगा, उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। इससे पहले सपा विधायक शिवपाल यादव ने बुधवार को तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि यदि ब्रजेश पाठक को इतना ही दुख है तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि जिस सरकार और मंत्रिमंडल का वे हिस्सा हैं, उसी से बटुकों का अपमान हुआ है। इससे पहले अखिलेश यादव भी इस मुद्दे पर सरकार को घेर चुके हैं और कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साध चुके हैं। विवाद की शुरुआत मौनी अमावस्या के दिन हुई, जब शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पालकी पर सवार होकर संगम में स्नान के लिए जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोक लिया, जिसके बाद अधिकारियों से उनकी तीखी बहस हुई।

# नित्या मेनन ने बढ़ाया एक और कदम, अब प्रोड्यूसर बन जीतेंगी लोगों का दिल

अपने अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया।



अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है। अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का-सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है- कीयूरी प्रोडक्शंस।वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'थिरुचित्राम्बलम' (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं। साल 1998 में एक बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली नित्या मेनन बॉलीवुड की फिल्म मिशन मंगल में नजर आई थीं।

## रिलीज हुआ एसके26 का पोस्टर, सेयोन होगा फिल्म का नाम, कमल हासन करेंगे प्रेजेंट




यूनिवर्सल हीरो कमल हासन ने टैलेंटेड एक्टर शिवकार्तिकेयन के साथ नए प्रोजेक्ट की घोषणा की। इस प्रोजेक्ट को एसके26 नाम दिया गया था और प्री-लुक ने लोगों की दिलचस्पी जगाई। लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, मेकर्स ने कुछ मिनट पहले फिल्म का टाइटल और शिवकार्तिकेयन का दमदार फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया है।

फिल्म का तमिल में नाम सेयोन है और इसका मतलब है सूरज। पोस्टर में देखा जा सकता है कि शिवकार्तिकेयन अपने हाथ में एक हथियार लिए बैठे हैं। उनके आस-पास कई मोर हैं। अभिनेता लुंगी और बनियान पहने ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है वीरता और विजय है सेयोन। खास बात यह है कि सेयोन का मतलब तमिल भगवान मुरुगा से है, जिनका वाहन मोर है। फिल्म की कहानी और बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। संतोष नारायणन के म्यूजिक के साथ अपकमिंग फिल्म की सिनेमैटोग्राफी विवेक विजयकुमार कर रहे हैं। एडिटिंग सन लोकेश कर रहे हैं। शिवकुमार मुरुगेसन के निर्देशन में बन रही इस अपकमिंग फिल्म को कमल हासन अपने राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म कैनेडी को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी कैनेडी की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।

उन्होंने कहा, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।

सनी लियोनी ने कहा, पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।

फिल्म कैनेडी में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा।

सनी ने कहा, यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यह आसान नहीं होता। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।



## तुम्बाड 2 में होगा अंतरराष्ट्रीय धमाका, निर्माताओं ने इन धुरंधरों को किया शामिल

सोहम शाह की फिल्म तुम्बाड साल 2018 में रिलीज हुई थी जिसने सफलता का स्वाद बखूबी चखा। फिल्म के दृश्य, कहानी और कॉन्सेप्ट ने हर किसी का मन मोह लिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि लोग इसके सीक्वल से ढेरों उम्मीदें लगाकर बैठे हुए हैं। निर्माताओं ने तुम्बाड 2 का ऐलान तो पहले ही कर दिया था। खबर है कि फिल्म का लेवल बढ़ाने के लिए एक खास तैयारी चल रही है, जिसे सुनकर लोगों का उत्साह बढ़ जाएगा।

तुम्बाड 2 के जरिए अपनी पौराणिक दुनिया और दृश्य पैमाने को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने जाने-माने अंतरराष्ट्रीय कलाकारों को परियोजना में शामिल करने की योजना बनाई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि लॉस एंजिल्स स्थित कॉन्सेप्ट आर्टिस्ट और क्रिएचर डिजाइनर साइमन ली और लोकप्रिय प्रोस्थेटिक डिजाइनर शॉन हैरिसन इसके साथ जुड़ गए हैं। निर्माताओं का यह फैसला सीक्वल के सिनेमाई लेवल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

साइमन को कई हॉलीवुड फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने गॉडजिला वर्सेस कोंग, गॉडजिला¬ किंग ऑफ द मॉन्स्टर्स और द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स¬ द रिंग्स ऑफ पावर जैसी फिल्मों में प्रभावशाली जीव-जंतुओं को डिजाइन किया है।

# ओ रोमियो ने 5वें दिन पलटी बाजी, बंपर कमाई के साथ तोड़ दिए ये रिकॉर्ड



शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म ओ रोमियो 13 फरवरी को वैलेंटाइन डे से ठीक एक दिन पहले रिलीज हुई जिसने प्यार और वार का एक अलग पहलू दिखाया है। फिल्म को समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और दर्शक दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ कर रहे हैं। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्म के आंकड़ों में मंदी देखी गई थी, लेकिन 5वें दिन इसने रफ्तार पकड़ ली और बंपर कलेक्शन कर दिखाया है।

सैकनिल्क के मुताबिक, ओ रोमियो ने पहले दिन 8.5 करोड़ रुपये के साथ खाता खोला। दूसरे दिन कमाई और भी बढ़ गई और फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन 9 करोड़ कमाए, लेकिन चौथे दिन, यानी सोमवार को 4.75 करोड़ के साथ कमाई में गिरावट देखी गई। इस कसर को 5वें दिन फिल्म ने पूरा कर लिया और बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ का कारोबार किया। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 40 करोड़ रुपये हो गई है।

ओ रोमियो ने रिलीज के 5वें दिन अपनी रफ्तार को बढ़ाते हुए अच्छी कमाई कर दिखाई है। इसी के साथ शाहिद ने अपनी 2 फिल्मों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है जिसमें फटा पोस्टर निकला हीरो (36.37 करोड़ रुपये) और बदमाश कंपनी (34.98 करोड़) शामिल हैं। फिल्म निर्माता नाडियाडवाला ग्रैंडसंस ने कुल 4 दिनों के वर्ल्डवाइड कलेक्शन आंकड़ों को साझा किया है, जिसके मुताबिक फिल्म ने दुनियाभर में कुल 61.3 करोड़ की कमाई कर ली है।मर्दानी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है और ये इस फ्रैंचाइज़ी की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फ़िल्म बनने की ओर बढ़ रही है. इन सबके बीच फिल्म की 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने कोईमोई के आंकड़ों के मुताबिक, 19वें दिन 60 लाख रुपये कमाए हैं. इंडियन बॉक्स ऑफिस पर मर्दानी 3 की कुल कमाई अब 46.6 करोड़ नेट हो गई है. 60 करोड़ के बजट में बनी रानी मुखर्जी की ये फिलम अभी भी सेफ ज़ोन में आने से काफी दूर है. हालांकि, यह जल्द ही मर्दानी 2 (47.51 करोड़) को पीछे छोड़कर फ्रेंचाइजी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन जाएगी.

## एल्विश यादव का नया गाना जस्टिन बीबर जारी, ईशा मालवीय संग जोड़ी लगी शानदार




मशहूर यूट्यबर और बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव का नया गाना जस्टिन बीबर जारी हो गया है जिसने आते ही यूट्यूब पर धमाल मचा दिया। संगीतकार अनु अमानत की आवाज में इस हरियाणवी गाने को गाया गया है, जबकि रैप खुद एल्विश ने किया है। गाने का निर्माण फ्लेम म्यूजिक और नितेश उजोली ने मिलकर किया है। जस्टिन बीबर में एल्विश के साथ ईशा मालवीय नजर आई हैं। दोनों की जोड़ी को फैंस ने जबरदस्त बताया है।

एल्विश के नए गाने को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोगों को इसके बोल खटक रहे हैं। चर्चा है कि इसके बोल और दृश्य प्रिंस नरुला और मैक्सटर्न के साथ उनके पिछले विवादों की ओर इशारा करते हैं। करीब 2¬21 मिनट पर, लोगों को यकीन है कि एल्विश ने मैक्सटर्न पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया है। बता दें, एल्विश और मैक्सटर्न के बीच एक विवाद को लेकर हुआ थप्पड़ कांड खूब चर्चा में रहा था।

# साइनस की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकती हैं ये 5 चाय, जानिए इनकी रेसिपी

साइनस नाक से जुड़ी एक समस्या है, जिससे ग्रसित लोगों को बंद नाक, सिरदर्द, नाक में खुजली और सांस लेने में तकलीफ जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो आइए आज हम आपको कुछ ऐसी चाय की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन करने से साइनस से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिल सकती है। साथ ही इन चायों में मौजूद अच्छे गुण सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।



### अदरक की चाय

अदरक की चाय में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो साइनस से जुड़ी सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा अदरक की चाय में मौजूद तत्व शरीर को गर्माहट देने के साथ-साथ बलगम को ढीला करने का काम भी कर सकते हैं। लाभ के लिए पानी को गर्म करें, फिर उसमें अदरक के कुछ टुकड़े डालकर उबालें। अब इसमें चीनी या शहद मिलाएं। इसके बाद चाय को छानकर गर्मागर्म पिएं।

### पुदीने की चाय

पुदीने की चाय में एक खास तत्व होता है, जो बंद नाक खोलने और सांस लेने में आसानी करवा सकता है। इसके अलावा पुदीने की चाय का सेवन पेट की गैस, सूजन और ऐंठन जैसी समस्याओं से भी राहत दिला सकता है। लाभ के लिए एक कप पानी में पुदीने की कुछ पत्तियां डालकर उबालें। फिर इस मिश्रण को छानकर इसका सेवन करें।

### तुलसी की चाय

तुलसी की चाय में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा तुलसी की चाय में मौजूद सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया रोधी गुण साइनस से जुड़ी सूजन और बंद नाक को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में तुलसी की कुछ पत्तियां डालकर उबालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसे गर्मागर्म पिएं।

### हल्दी की चाय

हल्दी की चाय में एक खास तत्व होता है, जो सूजन कम करने की तरह काम करके साइनस से जुड़ी सूजन को कम कर सकता है। इसके अलावा हल्दी की चाय का सेवन शरीर की सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक हो सकता है। लाभ के लिए एक कप पानी में आधी चम्मच हल्दी पाउडर डालकर उबालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर इसे गर्मागर्म पिएं।

### तुलसी और अदरक की चाय

साइनस की समस्या से राहत दिलाने में तुलसी और अदरक की चाय भी काफी कारगर मानी जाती है। यह चाय शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। साथ ही इसमें मौजूद सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया रोधी गुण साइनस से जुड़ी सूजन और बंद नाक को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप पानी में तुलसी की कुछ पत्तियां और अदरक का एक टुकड़ा डालकर उबालें।

# बच्चों के नाश्ते में शामिल करें चुकंदर, जानिए इससे कैसे बनाएं स्वादिष्ट व्यंजन



चुकंदर एक ऐसी सब्जी है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। यह आयरन, फोलेट और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। अगर आपके बच्चे चुकंदर खाना पसंद नहीं करते तो चिंता की कोई बात नहीं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप चुकंदर को बच्चों के नाश्ते में शामिल कर सकते हैं और वे इसे खुशी-खुशी खा सकें।

### चुकंदर का उपमा

उपमा एक लोकप्रिय दक्षिण भारतीय नाश्ता है, जिसे आप चुकंदर के साथ बना सकते हैं। इसके लिए सूजी को हल्का भून लें, फिर उसमें बारीक कटा हुआ चुकंदर डालें और मसाले मिलाएं। इसमें प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर पकाएं। यह नाश्ता न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पोषण से भरपूर भी है। चुकंदर का रंग और स्वाद इसे खास बनाते हैं, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे।

### चुकंदर का चीला

चीला एक बेहतरीन विकल्प है, जिसे आप बेसन और चुकंदर के मिश्रण से बना सकते हैं। इसके लिए बेसन को पानी में घोलें और उसमें कद्दूकस किया हुआ कच्चा चुकंदर मिलाएं। साथ ही बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और मसाले डालें। इसे तवे पर सेंकें जब तक कि यह सुनहरा न हो जाए। यह चीला न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहतमंद भी है और बच्चों को पसंद आएगा।

### चुकंदर का परांठा

परांठा हमेशा बच्चों को पसंद आता है, तो क्यों न इसे थोड़ा सेहतमंद बनाया जाए? आटे में उबला हुआ और मैश किया हुआ चुकंदर मिलाकर गूंध लें। इस परांठे को दही या अचार के साथ परोसें। यह न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पौष्टिक भी है। चुकंदर का रंग और स्वाद इसे खास बनाते हैं, जिससे बच्चे इसे खुशी-खुशी खाएंगे। इससे उन्हें आयरन और विटामिन-सी भी मिलेगा, जो उनके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### चुकंदर का सूप

सूप एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए बारीक कटा हुआ कच्चा या उबला हुआ चुकंदर, प्याज, लहसुन, अदरक आदि सामग्रियों को पानी में डालकर पकाएं। पकने के बाद इसे मिक्सर से पीस लें और नमक-मिर्च मिलाकर गर्मागर्म परोसें। यह सूप न केवल स्वादिष्ट है बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा है। चुकंदर का यह सूप बच्चों को ठंडक देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।


### चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस बच्चों के लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। इसके लिए ताजे चुकंदर को अच्छे से धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर इसे मिक्सी में पीसकर जूस निकाल लें। इस जूस में आप नींबू का रस और थोड़ा शहद मिला सकते हैं ताकि इसका स्वाद और बेहतर हो सके। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है बल्कि इसमें आयरन, पोटेशियम और विटामिन-सी की भरपूर मात्रा भी होती है, जो बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद है।

# भारत पर और टैरिफ लगाने का बहाना खोज रहे हैं राष्ट्रपति ट्रंप, US सांसद ने किया बड़ा दावा

न्यूयॉर्क (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भारत के खिलाफ टैरिफ नीति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिकी सांसद Brad Sherman ने आरोप लगाया है कि ट्रंप प्रशासन भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का बहाना तलाश रहा है और उसे अलग से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से अपनी नीति पर पुनर्विचार करने की मांग की है। हाल ही में राष्ट्रपति Donald Trump ने भारत पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी।

शर्मन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर और अधिक टैरिफ लगाने का बहाना खोज रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप प्रशासन इसका कारण रूस से तेल आयात को बता रहा है। उनके अनुसार, हंगरी अपने लगभग 90 प्रतिशत तेल का आयात रूस से करता है और उस पर कोई टैरिफ नहीं लगाया गया है। वहीं रूस के बड़े खरीदार चीन पर भी रूसी तेल खरीदने के कारण कोई विशेष प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, हालांकि अन्य कारणों से उस पर असर पड़ा है। सांसद ने कहा कि भारत रूस से लगभग 21 प्रतिशत कच्चा तेल आयात



करता है, इसके बावजूद उसे ही निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस नीति में तत्काल बदलाव की मांग की।

व्यापार आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.77 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे पहले सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर में भी निर्यात में गिरावट दर्ज की गई थी, जबकि नवंबर में इसमें 22.61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में अमेरिका से आयात 23.71 प्रतिशत बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया।अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लागू किया था। बाद में दोनों देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बनी, जिसके तहत सात फरवरी से भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क हटा दिया गया और जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। टैरिफ नीति पर आई एक नई रिपोर्ट ने भी सवाल खड़े किए हैं। पहले दावा किया गया था कि आयात शुल्क का बोझ विदेशी कंपनियों और सरकारों पर पड़ेगा, लेकिन ताजा अध्ययन में पाया गया कि इन शुल्कों का लगभग 90 प्रतिशत भार अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों ने उठाया।

## पाकिस्तान : कराची में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद तीन मंजिला इमारत ढही, 16 की मौत



कराची (ए.)। पाकिस्तान के कराची शहर के सोल्जर बाजार इलाके में वीरवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। गैस सिलेंडर फटने से 3 मंजिला रिहायशी इमारत ढह गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल कराची में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, एएसपी जमशेद अशर ने बताया कि यह घटना वीरवार सुबह करीब 4:15 बजे सेहरी के समय हुई। इमारत की पहली मंजिल पर सिलेंडर फटने के बाद पूरी बिल्डिंग गिर गई। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एक अर्बन सर्च एंड रेस्क्यू टीम और डिजास्टर रिस्पॉन्स वाहन मौके पर तैनात किए गए। रेस्क्यू 1122 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ. आबिद जलालुद्दीन शेख ने पुष्टि की कि धमाका सिलेंडर फटने से हुआ। उन्होंने बताया कि संकरी जगह के कारण राहत कार्य में दिक्कत आई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई इमारत अवैध रूप से बनाई गई थी और उसका ढांचा मजबूत नहीं था। इमारत गिरने से आसपास की कुछ इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। मृतकों में 8 नाबालिग, 4 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं, जिनकी उम्र दो से 60 वर्ष के बीच बताई गई है। घायलों में सात बच्चे भी शामिल हैं। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने घटना पर दुख जताया है। सीएम हाउस की ओर से जारी बयान में उन्होंने मलबे में फंसे लोगों को तुरंत बचाने और घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश दिए।

## एपस्टीन फाइल्स मामले में बड़ी कार्रवाई, ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार

लंदन (ए.)। अमेरिका के दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों को लेकर ब्रिटेन में बड़ी कार्रवाई हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने किंग चार्ल्स के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू को गिरफ्तार किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सार्वजनिक पद पर कदाचार के संदेह में यह गिरफ्तारी की गई। इससे पहले खबरें आई थीं कि पूर्वी इंग्लैंड के सैंड्रिंघम एस्टेट स्थित वुड फार्म में बिना नंबर वाली कई पुलिस गाड़ियां और सादे कपड़ों में अधिकारी पहुंचे थे। Thames Valley Police ने हाल ही में कहा था कि वे उन आरोपों की समीक्षा कर रहे हैं जिनमें माउंटबेटन-विंडसर पर एपस्टीन को गोपनीय सरकारी दस्तावेज सौंपने का संदेह जताया गया है। ये आरोप अमेरिकी सरकार द्वारा जारी दस्तावेजों के आधार पर सामने आए बताए जा रहे हैं। दिवंगत महारानी Elizabeth II के दूसरे पुत्र प्रिंस एंड्रयू ने एपस्टीन से जुड़े किसी भी गलत काम से हमेशा इनकार किया है। उन्होंने अपनी मित्रता पर पछतावा जताया था, लेकिन नए दस्तावेज सामने आने के बाद से इस मामले पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की हैहालांकि पुलिस ने आधिकारिक बयान में एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। थेम्स वैली पुलिस ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के एक व्यक्ति को सार्वजनिक पद पर दुर्व्यवहार के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। बर्कशायर और नॉरफॉक स्थित पतों पर तलाशी अभियान भी चलाया गया।सहायक मुख्य कांस्टेबल ओलिवर राइट ने कहा कि विस्तृत मूल्यांकन के बाद जांच शुरू की गई है और इसकी निष्पक्षता व अखंडता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले में जनता की गहरी रुचि को ध्यान में रखते हुए उचित समय पर जानकारी साझा की जाएगी।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को उम्रकैद

### -मार्शल लॉ लागू करने और सत्ता दुरुपयोग का दोषी ठहराया, पूर्व रक्षा मंत्री को 30 साल की सजा



सियोल,(ए.)। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को 2024 में देश में मार्शल लॉ लागू करने, सत्ता के दुरुपयोग और विद्रोह की साजिश रचने का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजकों ने उनके लिए मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उम्रकैद का फैसला दिया। इसी मामले में पूर्व रक्षा मंत्री को 30 साल की सजा सुनाई गई है। दक्षिण कोरिया में 1997 के बाद से किसी को फांसी नहीं दी गई है, इसलिए मृत्युदंड व्यवहारिक रूप से स्थगित माना जाता है।

65 वर्षीय यून पर आरोप था कि उन्होंने दिसंबर 2024 में सेना और पुलिस बलों को सक्रिय कर उदारवादी बहुमत वाली नेशनल असेंबली पर नियंत्रण की कोशिश की। भारी हथियारों से लैस सुरक्षा बलों ने संसद भवन की घेराबंदी की, हालांकि सांसदों ने अवरोध तोड़कर भीतर पहुंचते हुए सर्वसम्मति से मार्शल लॉ हटाने के पक्ष में मतदान किया। करीब छह घंटे बाद आपात आदेश वापस लेना पड़ा। इस घटना से देश में गहरा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था।

अदालत ने पाया कि असंवैधानिक आपात आदेश के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश की गई। अभियोजन पक्ष का तर्क था कि इस कदम से संसद और चुनाव आयोग के कामकाज को बाधित किया गया।

मार्शल लॉ लागू कराने में शामिल अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई हुई है। पूर्व रक्षा मंत्री किम योंग ह्यून को 30 वर्ष की सजा सुनाई गई। इसके अलावा, पूर्व प्रधानमंत्री हेन ड्यूक-सू को एक अलग मामले में 23 वर्ष की सजा दी गई है। उन पर कैबिनेट प्रक्रिया में हेरफेर और शपथ के तहत झूठ बोलने का आरोप सिद्ध हुआ। हान डक-सू ने फैसले के खिलाफ अपील दायर की है।

इस फैसले को दक्षिण कोरिया की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक और निर्णायक माना जा रहा है।

## रिहाई की मांग को लेकर अटक ब्रिज पर इमरान समर्थकों का कब्जा, मुनीर ने भेजी सेना

### –खैबर के सीएम अफरीदी ने युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का किया ऐलान

इस्लामाबाद,(ए.)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो गए हैं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने



खैबर प्रांत में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा कर लिया। ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटग गए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से करीब 5 हजार सैनिकों को रवाना किया। उधर, खैबर के सीएम सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है।इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में मुनीर को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा।

# खेल समाचार

## टी-20 विश्व कप 2026: अभिषेक शर्मा लगातार तीसरी पारी में शून्य पर हुए आउट

नईदिल्ली,(ए.) । टी-20 विश्व कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं। वह नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच में भी बिना खाता खोले आउट हुए। दिलचस्प रूप से वह अपनी लगातार तीसरी पारी में शून्य पर आउट हुए हैं। वह टी-20 विश्व कप में अपना खाता भी नहीं खोल सके हैं। वह इससे पहले यूएसए और पाकिस्तान के खिलाफ भी शून्य पर आउट हुए थे।

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। अभिषेक अब टी-20 विश्व कप में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा पारियों में शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने इस मामले में आशीष नेहरा (3 बार) की बराबरी की। उनके बाद इस सूची में शिवम दुबे, गौतम गंभीर, रविंद्र जडेजा, विराट कोहली और अक्षर पटेल 2-2 पारियों में बिना खाता खोले आउट हुए हैं।

अभिषेक इस साल 5वीं बार शून्य पर आउट हुए। वह एक कैलेंडर वर्ष में संयुक्त रूप से सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने संजू सैमसन के रिकॉर्ड की बराबरी की। बता दें कि सैमसन साल 2024 में 5 बार बिना खाता खोले आउट हुए थे। अभिषेक ने 2026 में अब तक 8 पारियों में 26.00 की औसत और 224.69 की स्ट्राइक रेट के साथ 182 रन बनाए हैं।

## T20 वर्ल्ड कप : जिम्बाब्वे ने किया एक और उलटफेर, श्रीलंका को 6 विकेट से हराया; पहले ऑस्ट्रेलिया को दी थी मात



नई दिल्ली (ए.) । आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के मैच नंबर-38 में गुरुवार (19 फरवरी) को श्रीलंका का सामना जिम्बाब्वे से हुआ। जहां दोनों टीमों के बीच ग्रुप-बी का यह मुकाबला कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट से जीत हासिल की और इस टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा बड़ा उलटफेर किया। दरअसल, जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को उसके घरेलू मैदान में ही रौंदा, ऐसे में यह उसकी बड़ी जीत और उलटफेर है। वहीं, इसी जिम्बाब्वे की टीम ने मौजूदा वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को हराकर भूचाल मचा दिया था। हालांकि इस हार से श्रीलंका को कोई खास फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि वो सुपर-8 के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है

इस मुकाबले में जिम्बाब्वे को जीत के लिए 179 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने तीन गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट ने नाबाद 63 रन बनाए, जबकि कप्तान सिकंदर रजा के बल्ले से 45 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने मौजूदा टूर्नामेंट में अपने चारों मैच जीते हैं। अब सुपर-8 में जिम्बाबे का मुकाबला भारत, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से होगा।

## टी-20 विश्व कप 2026: पाकिस्तान ने नामीबिया को हराते हुए सुपर-8 में प्रवेश किया

नईदिल्ली, (ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 के 35वें मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने नामीबिया क्रिकेट टीम को 102 रन से हराते हुए सुपर-8 में प्रवेश किया। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में हुए मैच में पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के शतक (100*) की मदद से 199/3 का स्कोर बनाया। जवाब में नामीबिया के बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम सिर्फ 97 रन पर ही सिमट गई। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फरहान ने शतक (100*) लगाया। उनके आलावा कप्तान सलमान आगा (38) और शादाब खान (36*) ने उपयोगी पारियां खेलते हुए टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में नामीबिया को जान फ्राइलिंक (9) और लौरेन स्टीनकैंप (23) की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत नहीं दिला सकी। इसके बाद भी पाकिस्तानी स्पिनरों के सामने नामीबिया के बल्लेबाज निरंतर आउट होते चले गए और टीम लक्ष्य से दूर रह गई। पाकिस्तान से उस्मान तारिक ने 4 विकेट लिए।

फरहान ने शुरुआत में संभलकर बल्लेबाजी की और पावरप्ले ओवरों की समाप्ति तक 19 गेंदों पर 25 रन बनाए। क्रीज पर टिक जाने के बाद उन्होंने रन गति में इजाफा किया और 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान आगा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 67 रन की उपयोगी साझेदारी की। उन्होंने आखिरी ओवर के दौरान 57 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 58 गेंदों में 100 रन बनाकर नाबाद रहे।

## शिवम दुबे ने टी-20 विश्व कप में अपना पहला अर्धशतक लगाया

नईदिल्ली,(ए.) । टी-20 विश्व कप 2026 के 36वें मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक (66) लगाया। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा और टी-20 विश्व कप में पहला अर्धशतक साबित हुआ। उनकी पारी की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों के बाद 193/6 का स्कोर बनाया। आइए दुबे की पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

भारत ने जब 69 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब दुबे क्रीज पर आए। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दुबे ने अपने चिर-परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए डच गेंदबाजों की जमकर खबर ली। भारतीय ऑलराउंडर ने सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हार्दिक पांड्या (30) के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। वह 31 गेंदों में 4 चौकों और 6 छक्कों की बदौलत 66 रन बनाकर आउट हुए।

दुबे ने पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2019 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 59 मुकाबले खेले हैं और इसकी 44 पारियों में लगभग 30 की औसत के साथ 850 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 6 अर्धशतक निकले हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 26.62 की औसत के साथ 29 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4 रन पर 3 विकेट लेना रहा।

## हार्दिक पांड्या टी-20 क्रिकेट में 6,000+ रन और 200+ विकेट वाले पहले भारतीय ऑलराउंडर बने

नईदिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने टी-20 विश्व कप 2026 में नीदरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच के दौरान अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 30 रन बनाए और अपने टी-20 क्रिकेट करियर में 6,000 रन पूरे किए। वह टी-20 क्रिकेट में 6,000+ रन बनाने के साथ-साथ 200+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय ऑलराउंडर बने। आइए उनके टी-20 करियर पर एक नजर डालते हैं। पांड्या ने अब तक 323 टी-20 मैच खेले हैं, जिसकी 279 पारियों में उन्होंने 6,008 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 91 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 25 अर्धशतक लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 262 पारियों में 220 से अधिक विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा।

## हरमनप्रीत सबसे अधिक अंतराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बनीं

### न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स का रिकार्ड टूटा



कैनबरा (ए)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां दूसरे टी20 क्रिकेट मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक रिकार्ड बना दिया है। अब हरमनप्रीत महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यहां मैदान पर उतरने के साथ ही अपना 356 वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और वह न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स से आगे निकल गयी हैं।। बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने के मामले में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी हैं। पेरी के नाम पर 349 मैच हैं। वहीं भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि शार्लोट एडवर्ड्स ने इंग्लैंड के लिए 309 मैच खेले हैं। महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों में न्यूजीलैंड सोफी डिवाइन के नाम 305, इंग्लैंड की हीथर नाइट के नाम 303 और डैनी व्याट-हॉज के नाम 302 मैच हैं। हरमनप्रीत ने अपने क्रिकेट करियर में अब तक छह टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 189 टी20 मैच खेले हैं। छह टेस्ट मैचों में उनके नाम 200 रन जबकि एकदिवसीय में 4,409 और टी20 मैचों में 3,784 रन हैं।

## टी20 विश्व कप : होप और जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया



कोलकाता (ए)। कप्तान शाई होप और तेज गेंदबाज शामार जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम लीग मुकाबले में इटली को 42 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप सी में नंबर एक पर बनी हुई है। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होप के 46 75 रनों की सहायता से 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन बनाये। आज के खेल का आकर्षण होप की पारी रही। होप ने तेजी से खेलते हुए 28 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया पर अन्य बल्लेबाजों का उन्हें साथ नहीं मिला, इस कारण टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज की ओर से शामार जोसेफ ने 30 रन देकर चार विकेट लिए। इसके इसके अलावा चार कैच भी पकड़े। वहीं इस मैच के साथ ही इटली का अभियान इस टूर्नामेंट में समाप्त हो गया है। इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसन नहीं था। रोस्टन चेज 25 गेंद पर 24, शेरफेन रदरफोर्ड 15 गेंद पर नाबाद 24 रन और मैथ्यू फोर्डे आठ गेंद पर नाबाद 16 रन ही बना पाये। इटली के गेंदबाजों ने इंडीज बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया।

## टी-20 विश्व कप 2026: दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को हराते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की

नईदिल्ली, (ए)। कटी-20 विश्व कप 2026 के 34वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने यूएई क्रिकेट टीम को 6 विकेट से हराते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मुकाबले में यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 122/6 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने 4 विकेट खोकर 14वें ओवर के दौरान लक्ष्य हासिल किया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद अलीशान शराफू (45) को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया और यूएई की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना सकी। दक्षिण अफ्रीका से कॉर्बिन बॉश ने 3 विकेट लिए। जवाब में कप्तान एडेन मार्करम (28) और क्विंटन डिकॉक (14) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इसके बाद रयान रिकेल्टन (30) और डेवाल्ड ब्रेविस (36) ने जीत में अहम भूमिका निभाई।दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया ने अपने 4 ओवर में 28 रन देते हुए 2 विकेट लिए। उन्होंने टी-20 विश्व कप के सभी संस्करणों को मिलाकर कुल 20 मैच खेले हैं, जिसमें 11.54 की औसत और 5.63 की इकॉनमी रेट के साथ 37 विकेट लिए हैं।

# डब्ल्युसीआरएमएस ऑफिस से ठंडी पुलिया तक बहु प्रतीक्षित रोड का हुआ भूमि पूजन



नर्मदापुरम। इटारसी ( निप्र)। लंबे समय से नगरवासी एवं दर्जनों ग्रामीण जनों एवं रेलवे कर्मचारी के लिए परेशानी एवं व्यवस्था का कारण बने स्टेशन रोड का आज सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय रुप मे भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण पश्चिम मध्य रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने देते हुए बताया कि यह रोड नगर एवं आसपास के ग्रामीण जनों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है यहां बड़ी संख्या में उपस्थित जन समुदाय की उपस्थिति यह दर्शाती है इससे विकास के नए आयाम खुलेंगे।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पूर्व में इटारसी स्टेशन गंदगी के लिए जाना जाता था परंतु अब यात्री सुविधाओं में अत्यधिक विस्तार हुआ है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने रेलवे अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी हमारे स्थानीय कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि होने के नाते हम लगातार निर्माण कार्यों पर नजर रखेंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कि जन सुविधा एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। संसदीय क्षेत्र में छोटे.छोटे स्टेशनों पर ट्रेन के ठहराव का मुद्दा हो या स्टेशनों के विस्तार या अन्य निर्माण कार्यों की सौगात दिलाने में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सांसद ने भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने रेलवे के बजट में 15: की वृद्धि करते हुए इस बार 29330 करोड़ का भारी भरकम बजट रेलवे के विस्तार के लिए स्वीकृत किया है पूर्व की सरकारों में भारत की तुलना पाकिस्तान से की जाती थी अब हमारे देश की तुलना अमेरिका से की जाती है। हम मतदाताओं की कसौटी पर खरे उतरते हुए लोकसभा में लगातार रेलवे से जुड़े हुए विषयों को संपूर्ण संजीदगी ओर प्राथमिकता से उठाकर हल करवाएंगे सांसद ने हिदायत की रेलवे के अधिकारी भी अपने कर्तव्य के प्रति सदैव सजग रहे रेलवे जिस उच्च गुणवत्ता के लिए जाना जाता है उन मानदंडो का सदैव निर्माण कार्यों में पालन किया जाना चाहिए इस रोड निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो इटारसी रेलवे स्टेशन मध्य भारत का हृदय स्थल है इसके विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी रेल बजट में केंद्र ने भारी बढ़ोतरी की है इसका भरपूर फायदा लिया जाएगा इस भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र यादव इटारसी नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती ज्योति चौरे वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंगल नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा राहुल चौरे पुरानी इटारसी से मयंक महतोए नर्मदापुरम नगर मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत सभापति कल्पेश अग्रवाल राकेश जाधव मनजीत कलोसिया विकास नारोलिया जागृति भदोरिया श्रीमती कीर्ति दुबे जिला विकास एवं सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल पार्थ राजपूत पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह विवेक जैन कॉलोनाइजर लक्ष्मण वैस सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण जन एवं रेलवे की ओर से सीनियर डीईएन मोहित साहू डीएन मीना स्टेशन प्रबंधक विनोद चौधरी जीआरपी एवं आरपीएफ का स्टाफ एवं अन्य रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे संचालन जय किशोर चौधरी एवं आभार वरिष्ठ भाजपा नेता संदेश पुरोहित ने व्यक्त किया।

## माँ नर्मदा के पूजन एवं चल समारोह के साथ आज प्रारम्भ होगी माँ नर्मदा की परिक्रमा



नर्मदापुरम( निप्र)। आचार्य पं सोमेश परसाई के सान्निध्य में आयोजित माँ नर्मदा की परिक्रमा का आज सेठानी घाट से श्रीगणेश होगा। जिसकी तैयारी अनेक दिनों से चल रही थी।समिति सदस्य गौरव थापक ने बताया कि प्रात: 8 बजे नर्मदा मैया की पूजन अभिषेक के पश्चात चल समारोह के साथ परिक्रमा प्रारम्भ होगी। जिसमें नित्य प्रभात फेरी सत्संग रुद्राभिषेक संध्योपासना आदि होगा साथ ही सभी विश्राम स्थलों पर नर्मदा मैया को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जागरूकता भी प्रचारित की जाएगी । सभी विश्राम तटों पर नर्मदा जी की शुद्धि के लिए तांबे के सिक्के प्रवाहित किये जाएंगे साथ ही सभी तटों पर पौधारोपण भी किया जाएगा। परिक्रमा नर्मदापुरम से प्रारंभ होगी ओंकारेश्वर, कसरावत, प्रकाशा शहादा शूलपाण्डेश्वर, विमलेश्वर भड़ूच गरुडेश्वर महेश्वर रामनगर तपोवन बोरास संकलघाट जबलपुर अमरकंटक माई की बगिया महाराजपुर महराजपुर से श्रीधाम होते हुए लगभग 20 दिन में परिक्रमा पूर्ण होगी।

### *WCRMS कार्यालय से ठंडी पुलिया तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन*

*नर्मदापुरम( निप्र)।इटारसी नगर के विकास को नई गति देते हुए लोक सभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी द्वारा ङ्खष्टक्ररूस्न कार्यालय से ठंडी पुलिया तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।श्री चौधरी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर राज्?यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।*

## नर्मदापुरम जिले में अवैध रेत/गिट्टी परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 07 वाहन जप्त



नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन/मण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रू प से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है।खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा 18 फरवरी 2026 को शिवपुर से 03 ट्रेक्टर ट्राली एवं सिवनीमालवा से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते जप्त कर थाना शिवपुर एवं सिवनीमालवा में खड़ा किया गया है। 19 फरवरी 2026 को ग्राम-नानपा से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जप्त कर पुलिस थाना डोलरिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। तहसील पिपरिया से 01 डम्पर क्रमांक-M H40Y8340 को मिट्टी का अवैध परिवहन करते जप्त कर पुलिस थाना स्टेशन रोड पिपरिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। तहसील बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जात कर पुलिस थाना बनखेड़ी में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है।उक्त कार्यवाही में जय सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, दिवेश मरकाम जिला खनि अधिकारी नर्मदापुरम, सुनील गढवाल तहसीलदार डोलरिया, श्रीमती अंजू राजपूत तहसीलदार बनखेड़ी, श्रीमती पिंकी चौहान खनि निरीक्षक, आदित्य सेन थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया, गिरीश त्रिपाठी थाना प्रभारी मंगलवारा पिपरिया, खुमान सिंह पटेल थाना प्रभारी डोलरिया, मनोज कुमार नामदेव नायब तहसीलदार पिपरिया, श्रीमती कीर्ति प्रधान नायब तहसीलदार सिवनीमालवा, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्र0 खनि निरीक्षक नर्मदापुरम, हेमन्त राज सिपाही खनिज तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## संत गाडगे बाबा जयंती 23 फरवरी को, रजक समाज स्वच्छता अभियान चलाकर बाटेंगा महाप्रसादी

### रजक समाज पदाधिकारीयों की बैठक में तय की रुपरेखा



नर्मदापुरम (निप्र)। एबीडीएम रजक समाज नर्मदापुरम की बैठक परमहंस सर्किट हॉउस घाट स्थित संत गाडगे बाबा प्रतिमा स्थल पर बैठक हुई। इस बैठक में रजक समाज के आराध्य संत गाडगे बाबा की जन्मजयंती कार्यक्रम मनाने की रुपरेखा तय की गई। बैठक की शुरुआत संत गाडगे बाबा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। रजक समाज नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने बताया कि 23 फरवरी को संत गाडगे बाबा जयंती कार्यक्रम मनाया जाएगा। सुबह सबसे पहले परमहंस घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सुबह 10 बजे संत गाडगे बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा व बाबा की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण होगा। एबीडीएम कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेश बाथरे ने बैठक में कहा कि रजक समाज के प्रत्येक घर से सामाजिक बंधु अपने परिवार के साथ जयंती कार्यक्रम में पहुंचकर सामाजिक एकता का परिचय दें। जयंती कार्यक्रम तैयारी बैठक में कैलाश कन्नौजिया वीरेंद्र तिलोटिया अमित मालवीय चन्द्रभान कन्नौजिया मायाराम मालवीय राजेंद्र मालवीय लालता प्रसाद मालवीय दिनेश मालवीय मुन्नालाल रजक दीपक कन्नौजिया राहुल केनेकर नर्मदाप्रसाद बाथरी मदनलाल मालवीय दिनेश मालवीय अनिल बनोरिया सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती




नर्मदापुरम( निप्र)।क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के द्वारा गुरुवार को शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्षए झुण्झोण्प्र के प्रदेश संयोजक डॉ अखिलेश खण्डेलवालए नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कियाए वहीं संगठन के सदस्यों द्वारा जय भवानीए जय शिवाजी, जय मल्हार व हिन्दू वीर कैसा हो वीर शिवाजी जैसा हो नारे लगाए।संगठन के कमल राव चव्हाण ने बताया कि समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने कहा कि महान देशभक्त शिवाजी महाराज ने देश एक नई दिशा दी थी। कुशल प्रशासक के रूप में उनकी ख्याति पूरी दुनिया में व्यास हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं झुझोप्र के प्रदेश संयोजक डॉ अखिलेश खण्डेलवाल ने कहा छत्रपति शिवाजी के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता के किस्से पूरा देश और विश्व जानता है। इस अवसर पर नर्मदांचल पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रफुल तिवारी समाजसेवी सुशीला बाइसकर, जनार्दन आगौन उत्तम पवार कमल राव चव्हाण, विकास आगौन बसंत शिर्के विमल राव चव्हाण दिलीप सनस प्रकाश राव मराठा संतोष चंदबल आशा, प्रियांशु आगौन, प्रमोद राव, उज्वला चव्हाण विजय हरणे, ज्ञानेश्वर पावर रानी पावर गीता मराठा रोहित नायक रोहित वाघमारे जतिन काले हरि शर्मा अमित महाला सुचित्रा यादव मनीष परदेशी प्रदीप गुप्ता राजेश रायकवार संजय रायकवार नीलेश खण्डेलवाल विशाल दीवान श्रीराम सगर सूरज मीना कांची भूमि आदि अनेक सामाजिक लोग एवं नन्हें मुन्ने बच्चे भी शामिल हुए।

## *संचालक सैनिक कल्याण नर्मदापुरम एवं हरदा के भ्रमण पर*

*नर्मदापुरम( निप्र)। ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल, संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल, 24 फरवरी 2026 को जिला नर्मदापुरम और 25 फरवरी 2026 को जिला हरदा के भ्रमण पर आ रहे हैं। इस दौरान वह पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे।24 फरवरी को ब्रिगेडियर श्री नायर पिपरिया, इटारसी और नर्मदापुरम में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से भेंट करेंगे। इसके बाद, 25 फरवरी को वह हरदा जिले में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से मुलाकात करेंगे।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर अनुराग सक्सेना (से.नि.) ने जिले के समस्त पूर्व सैनिकों और वीर नारियों से अनुरोध किया है कि वे तय दिनांक और स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें। अधिक जानकारी के लिए, कार्यालय दूरभाष 07574-254465 या कल्याण संयोजक के मोबाइल नंबर 9454504891 पर संपर्क कर सकते हैं।*

## जनगणना 2027 के लिए तकनीकी सहायक और एमटीएस कर्मियों की भर्ती हेतु बैठक आज

नर्मदापुरम(निप्र)। जनगणना 2027 के कार्य के लिए राज्य/जिला/नगरपालिका निगम/ चार्ज स्तर पर तकनीकी सहायक/एमटीएस कर्मियों की भर्ती के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से जिला कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

# श्रम विभाग की बाल श्रम के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही

### माखननागर में दुकान संचालक पर हुई कार्यवाही, 11 वर्षीय बालक को बाल श्रम से विमुक्त करवाया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति की कार्यवाही के उद्देश्य से गुरुवार को माखन नगर में संयुक्त जन जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। भ्रमण के दौरान विनोद बघेल की फल फ्रूट की दुकान में एक 11 वर्षीय बालक कार्यरत पाया गया। प्रकरण में श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही कर बालक को बाल श्रम से विमुक्त करा कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।इस कार्यवाही में सीडीपीओ सुषमा चौरसिया बी आर सी श्याम सिंह पटेल सुपरवाइजर अनुराधा असवारे माखन नगर थाने से उप निरीक्षक कमलेश ठाकुर आरक्षक अनिल तुमराम विशेष किशोर पुलिस इकाई से प्रधान आरक्षक भुजराम सिंह उपस्थित रहे। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्यों में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित है। साथ ही 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को खतरनाक श्रेणी के कार्यों जैसे खाने, ज्वलनशील पदार्थों. विस्फोटकों एवं अन्य परिसंकटमय प्रक्रियाओं में नियोजन करना कानूनन अपराध है।उल्लंघन पाए जाने पर दोषी नियोजक को न्यूनतम 6 माह से अधिकतम 2 वर्ष तक का कारावास अथवा न्यूनतम 20 हज़ार से अधिकतम 50 हज़ार तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जाने का प्रावधान है।

## आज किया जायेगा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक एवं आधार ऑपरेटर प्रशिक्षण का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में आधार सेवाओं के प्रभावी संचालन, नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु तृतीय जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे रेवा सभा कक्ष, कार्यालय कलेक्टर, नर्मदापुरम में किया जा रहा है। बैठक में जिले में संचालित आधार सेवाओं की व्यापक समीक्षा की जाएगी, जिसमें DeGS, LSK, बैंक, CSC, डाक विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आधार केंद्रों के कार्य प्रदर्शन, Mandatory Biometric Update (MBU) कार्य की प्रगति, तहसील स्तर पर लंबित 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आधार नामांकन प्रकरण, 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग से संबंधित लंबित आधार पैकेट्स, नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति तथा आधार ऑपरेटरों को आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग हरदा

Office Email ID eeresharda@mp.gov.in, Office Phone No. 07577-222519

क्र. 181/व.ले.लि/ग्रा.यां.से./2025-26 हरदा दिनांक 28/01/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 22/2025-26**

संभाग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन निविदायें आमंत्रित की गई है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**ऑनलाईन दो कवर पद्धति-**

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 2026_RES_478699 | शासकीय माध्यमिक शाला काल्याखेडी में भवन निर्माण कार्य। | 1502465/- |
| | | योग | 1502465/- |

उक्त निविदा को ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 13.02.2026 को समय 14.00 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 23.02.2026 समय 17.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा में होने वाले संशोधन एवं विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है, इसके अतिरिक्त निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

जी/26088/25

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग हरदा

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला बैतूल, मध्यप्रदेश

दूरभाष: 07141-230035 (का.) 07141-231033 (नि.)फेक्स :07141-230219
E-mail: dmbetul@nic.in

क्रमांक 01/अ-82(आपसी सहमति से क्रय नीति)/2025-26/देडपानी/ बैतूल दिनांक /02/2026

**ईश्तहार**

म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, भोपाल द्वारा जारी आपसी क्रय नीति के अंतर्गत आवेदक विभाग की ओर से कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र.-2 बैतूल द्वारा पाठाखेड़ा लघु जलाशय योजना हेतु ग्राम देड़पानी तहसील भैंसदेही जिला बैतूल के निम्नांकित भूमिस्वामियों की भूमि क्रय करने के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है जिसे आपसी सहमति के आधार निम्नानुसार भूमि क्रय करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है :-

| अ.क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ख.नं. | भूमि का रकबा (हे.मे.) | आपसी सहमति से क्रय करने हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजू व. सुभाजी जाति कोरकू भूमिस्वामी | 13/1 | 1.000 | 0.566 |
| 2 | मुंगीलाल व. मोतीराम जाति कोरकू | 13/2 | 4.047 | 0.047 |
| 3 | आनन्दराव व. श्यामलाल जाति कोरकू | 13/5 | 2.023 | 0.222 |
| 4 | तुकडया पुत्र झगू, सकू पुत्री झगू जाति गौली | 13/10/1 | 1.349 | 0.080 |
| 5 | गुलाबराव व. झगू, मुन्नी पुत्री झगू जाति गौली | 13/10/4 | 0.238 | 0.133 |
| 6 | लखमू बेवा बिसराम, विनोद पुत्र बिसराम, राजकुमार पुत्र बिसराम, सरिता पुत्री बिसराम, सीमा पुत्री बिसराम, वंदना पुत्री बिसराम समस्त जाति कोरकू | 13/12 | 0.810 | 0.547 |
| 7 | गणेश व. ओमकार जाति गौली | 13/14 | 0.809 | 0.064 |
| 8 | मधु व. ओमकार जाति गौली | 13/24 | 0.729 | 0.056 |
| | | 13/35 | 0.080 | 0.080 |
| 9 | उत्तम व. ओमकार जाति गौली | 13/25 | 0.810 | 0.234 |
| 10 | केशो व. सुभाजी जाति कोरकू | 13/26 | 1.000 | 0.501 |
| 11 | किशोरी व. सुभाजी जाति कोरकू | 13/27 | 1.000 | 0.505 |
| 12 | उर्मला, ईमला, निर्मला व. सुभाजी जाति कोरकू | 13/28 | 1.047 | 0.437 |
| 13 | गजया व. झागू, वनी पुत्री झागू जाति गौली | 13/34 | 0.303 | 0.303 |
| 14 | भागू पुत्री गंगाराम जाति कोरकू | 18/1 | 0.714 | 0.263 |
| | योग | 14 | 15.959 | 4.038 |

अतएव आवेदक विभाग की ओर से कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग बैतूल द्वारा ग्राम देडपानी तहसील भैंसदेही के उपरोक्तानुसार खसरा नंबरों की कुल रकबा 15.959 हे. में से 4.038 हे. भूमि पाठाखेडा लघु जलाशय योजना के डूब क्षेत्र हेतु आपसी सहमति से क्रय के संबंध में किसी पक्षकार या किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंधी कोई विवाद/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन की तारीख से 15 दिवस की अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी भैंसदेही के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी।

(नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी)
कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी
बैतूल

जी/25948/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com